# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पीएम मोदी के हाथों राष्ट्र को समर्पित, पीएम बोले-राष्ट्र के भाग्य की रेखाएं हैं, सड़कें और हाईवे


## दिल्ली से देहरादून का सफर अब 6 घंटे से घटकर ढाई घंटे में 12 किमी लंबा वन्यजीव एलिवेटेड कॉरिडोर इसकी 'विशेषता'

एक्सप्रेसवे में 113 अंडरपास, 5 रेलवे ओवरब्रिज, 76 किमी सर्विस रोड और 340 मीटर डाट काली टनल

- 12,000 करोड़ की लागत से बना यह छह लेन का मार्ग
- उद्योग, पर्यटन और शिक्षा को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ देहरादून

तीन राज्यों को जोड़ने वाले 213 किमी लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में कर दिया है। यह मार्ग देश की राजधानी और पर्यटन का केंद्र उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लिए इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में राष्ट्र



को समर्पित किया गया है। 12,000 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित छह लेन की इस परियोजना में 12 किलोमीटर लंबा वाइल्डलाइफ एलिवेटेड कॉरिडोर मुख्य फीचर है। यह एशिया के सबसे लंबे कॉरिडोर में शामिल है। दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय छह घंटे से घटकर ढाई घंटे होने से वीकेंड टूरिज्म में वृद्धि की संभावना है। मसूरी, ऋषिकेश, हरिद्वार और चारधाम रूट पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इससे होटल, होमस्टे, ▶▶ शेष पेज 5 पर

देश की महिलाओं के नाम पीएम मोदी का खुला पत्र

## 2029 तक महिला आरक्षण की बात दोहराई, कहा- लोकतंत्र होगा मजबूत



पीएम ने साझा की ये तस्वीर




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के नाम एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि अगर 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ होते हैं, तो भारतीय लोकतंत्र और भी मजबूत और जीवंत बनेगा। पीएम ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इसलिए संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी बढ़ना बहुत जरूरी है। केंद्र सरकार ने 16 अप्रैल से संसद की तीन दिनों की विशेष बैठक बुलाई है। इस बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस काम में अब और देरी करना भारत की महिलाओं के साथ अन्याय होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की बेटियां अपने हक के लिए अब ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरसीबी एलएसजी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### नोएडा प्रोटेस्ट में अब तक 300 गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में हुए उग्र प्रदर्शन के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। आगजनी और तोड़फोड़ के



मामले में अब तक करीब 300 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### भारत के लिए आईएमएफ ने बढ़ाया ग्रोथ का अनुमान

**नई दिल्ली।** आईएमएफ ने भारत के विकास को और भी बढ़ा दिया है और अनुमान लगाया है कि



कैलेंडर वर्ष 2026 में भारत का विकास 6.5 फीसदी से होगा। आईएमएफ ने कहा कि मिडिल ईस्ट में तनाव और ग्लोबल इकोनॉमी के दबाव के बीच भारत उभरते हुए एशिया के देशों का बेहतर प्रदर्शन है।

### दावा- कोरोना वैक्सीन की वजह से शेन वॉर्न की मौत!

**सिडनी।** महान स्पिनर शेन वॉर्न के निधन के चार साल बाद उनके बेटे जैक्सन ने दावा किया है कि



इस दिग्गज स्पिनर की मौत संभवतः कोविड के उन 'तीन या चार' टीकों के कारण हुई थी जो उन्हें 'काम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे। जैक्सन ने अपने पिता की स्वास्थ्य समस्याओं को भी माना।

पश्चिम-एशिया की स्थिति, होर्मुज को खुला और सुरक्षित रखने के महत्व पर दिया जोर

# राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर की '40 मिनट' तक बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संघर्षविराम के बाद की गई ईरान की '360 डिग्री' समुद्र तटीय नाकेबंदी की बड़ी घोषणा के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर कुल करीब '40 मिनट' तक बातचीत की है। जिसमें दोनों के बीच पश्चिम-एशिया की स्थिति, ईरान के मौजूदा हालात और अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए बेहद अहम जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खुला और सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया है। यह जानकारी प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई अपनी एक पोस्ट के जरिए दी है। उल्लेखनीय है कि इस साल 28 फरवरी को हुई इस युद्ध की शुरुआत के तुरंत बाद से भारत के प्रधानमंत्री और उनकी मंत्रिमंडल में शामिल वरिष्ठ मंत्री दुनियाभर के देशों के अपने समकक्षों के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रहे हैं। जिसमें पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र के तमाम देश भी शामिल हैं। इसी कवायद को आगे बढ़ाते हुए 14 अप्रैल को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार के बीच भी टेलीफोन पर संवाद हुआ है।

ईरान के साथ युद्ध के बीच...



### संघर्षविराम के बाद हुई पहली वार्ता


यहां बता दें कि युद्ध के बीच ईरान के साथ हालिया समय में हुए संघर्षविराम के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के साथ की गई यह पहली टेलीफोन वार्ता है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने पिछले मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में भारतीय प्रधानमंत्री से टेलीफोन के माध्यम से बातचीत की थी। जिसमें भी वार्ता के केंद्र में पश्चिम-एशिया संघर्ष और होर्मुज को खुला और सुरक्षित बनाए रखने को पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण बताया गया था। मालूम हो कि दोनों नेताओं के बीच आधे घंटे से अधिक समय तक चली इस बातचीत को लेकर मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है। जबकि प्रधानमंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट में इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है।

### मजबूत होगी रणनीतिक साझेदारी

*पीएम ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, 'मेरे मित्र, अमेरिका के राष्ट्रपति से एक फोन कॉल प्राप्त हुई है। जिसमें हमने पश्चिम-एशिया की स्थिति के साथ-साथ होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने के महत्व पर जोर दिया है। इसके अलावा हमने भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हासिल की गई प्रगति की भी समीक्षा की है। मैं और राष्ट्रपति ट्रंप सभी क्षेत्रों में हमारी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं'।*

### मजबूत स्थिति में हैं संबंधः गोर

*वहीं, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं के बीच बेहद सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी कुछ दिनों और हफ्तों में भारत, अमेरिका के बीच ऊर्जा के साथ-साथ कुछ महत्वपूर्ण समझौतों की उम्मीद है। राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी की वार्ता को लेकर गोर ने कहा कि इस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि मैं, आपसे बस यह कहना चाहता हूं कि हम सब आपसे प्यार करते हैं। दोनों देशों के संबंध मजबूत स्थिति में हैं।*



नीतीश के साथ सम्राट

सरकार बनाने का दावा पेश राज्यपाल को पत्र सौंपा

## 'नीतीश युग' की समाप्ति चौधरी होंगे अब बिहार के 'सम्राट', आज शपथ



शिवराज बधाई देते हुए

- सम्राट बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए
- नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में नीतीश कुमार का युग समाप्त हो गया। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया है। विजय कुमार सिन्हा ने बिहार भाजपा विधायक दल के नेता के लिए सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा। इस ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2030 तक के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन

नीतीश कुमार ने इस्तीफे के बाद बेहद ही शालीनता के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर बिहारवासियों को अपना संदेश दिया। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि हाल के दिनों में विकास कार्यों को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, अर्थात 2025 से 2030 तक के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

पड़ोसी देश में प्रशासनिक स्तर पर किया गया अचानक फेरबदल, कारण अस्पष्ट

## भारत में राजदूत रहे सुन वेइदोंग को चीन ने उप-विदेश मंत्री के पद से हटाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में करीब तीन साल तक चीन के राजदूत रहे सुन वेइदोंग को बीजिंग की सरकार ने उप-विदेश मंत्री के पद से अचानक हटा दिया है। जिसके पीछे की वजह फिलहाल साफ नहीं की गई है। लेकिन चीन के मानव संसाधन मंत्रालय ने स्टेट काउंसिल द्वारा लिए गए इस निर्णय को लेकर एक संक्षिप्त नोटिस के माध्यम से समूचे घटनाक्रम की पुष्टि की है। चीन में



आमतौर पर यह चलन देखने को मिलता है कि किसी वरिष्ठ सरकारी मंत्री या अधिकारी को उनके पद से हटाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की जाती है। लेकिन यह फिलहाल चीन में शासन में अनुशासन अभियान के तहत की गई नवीनतम ▶▶ शेष पेज 5 पर

ऑस्ट्रिया के चांसलर की पहली भारत यात्रा की हुई शुरुआत

## प्रधानमंत्री मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक परिणाम में सामने आएंगे जरूरी दस्तावेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ.क्रिश्चियन स्टॉकर की मंगलवार से भारत की चार दिवसीय (14 से 17 अप्रैल तक) आधिकारिक यात्रा की शुरुआत हो गई है। जिसमें उनके साथ अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, पर्यटन मामलों के मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारी और एक वृहद व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर की गई अपनी एक वीडियो पोस्ट में बताया कि



चांसलर स्टॉकर की भारत की यह यह पहली आधिकारिक यात्रा है। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत ▶▶ शेष पेज 5 पर

सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले कैबिनेट सचिव

## राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए लचीली सप्लाई चेन की दरकार: डॉ.सोमनाथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान में दुनिया के कई भागों में चल रहे युद्ध के चिंताजनक हालातों के बीच राजधानी में आयोजित किए जा रहे सेना के कमांडर सम्मेलन को मंगलवार को कैबिनेट सचिव डॉ.टी.वी.सोमनाथन ने संबोधित किया। जिसमें उन्होंने सेना के शीर्ष नेतृत्व से मौजूदा समय में बने हुए जटिल वैश्विक परिदृश्य के मद्देनजर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक संप्रभु मॉडल



विकसित करने, राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए लचीली सप्लाई चेन के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया है। साथ ही तेजी से बढ़ते मुश्किल हालातों में राष्ट्रीय तैयारियों के मद्देनजर प्रमुख सामरिक आवश्यकताओं को भी रेखांकित किया है। सेना ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। ज्ञात हो कि कमांडर सम्मेलन सेना का एक द्विवार्षिक आयोजन है। जो हर साल में दो बार अप्रैल और अक्टूबर महीने में होता है। आगामी दिनों में सम्मेलन को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी संबोधित कर सकते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सम्मेलन को संबोधित करने को लेकर अभी फिलहाल तस्वीर पूरी तरह से साफ नहीं है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अग्निवीरों को सीआईएसएफ में 50 फीसदी तक मिलेगा रिजर्वेशन, परीक्षा से छूट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में भर्ती के दौरान पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षण को 10 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के तहत पूर्व-अग्निवीरों को लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) से छूट देने की बात भी कही गई है। सूत्रों ने बताया नए रूल का बाकायदा ऑफिशियल सर्कुलर निकाला गया है। ऐसा हुआ तो अग्निवीरों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। उन्हें बड़ी संख्या में सीआईएसएफ में एडजस्ट किया जा सकेगा। सीआईएसएफ भर्ती नियमों की समीक्षा हर पांच वर्ष में की जाती है। इसी क्रम में 6 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआइएसएफ को पूर्व-अग्निवीरों के लिए भर्ती प्रावधानों में संशोधन करने का निर्देश दिया था। सूत्रों ने बताया कि सीआईएसएफ ने संशोधित भर्ती नियमों को सर्कुलेट किया, जिसमें गृहमंत्रालय के प्रस्ताव को शामिल किया गया है, ताकि विभिन्न हितधारकों से सुझाव लिए जा सकें। हालांकि, इन नियमों को अभी औपचारिक रूप से अधिसूचित (नोटिफाई) किया जाना बाकी है। सर्कुलर में प्रस्तावित बदलावों का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा गया है कि "प्रत्येक भर्ती वर्ष में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पदों पर 50 फीसदी रिक्तियां पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी।" पहले चरण में, भर्ती प्रक्रिया 50 फीसदी रिक्तियों के लिए नोडल फोर्स द्वारा आयोजित की जाएगी, जो पूर्व-अग्निवीरों के लिए निर्धारित होंगी या गृहमंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार संचालित होंगी। दूसरे चरण में, शेष 50 फीसदी रिक्तियों के लिए खुली परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें पहले ▶▶ शेष पेज 5 पर

ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य और लेबनान के मुद्दे पर की गई चर्चा

## होर्मुज की नाकेबंदी के बीच भारत, इजरायल के विदेश मंत्रियों की हुई बातचीत

ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर के अपने समकक्षों से भी जयशंकर ने किया संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य सहित ईरान के सभी बंदरगाहों, तटीय क्षेत्रों की पूर्ण नाकेबंदी के अमेरिकी ऐलान के मध्य मंगलवार को भारत और इजरायल के विदेश मंत्रियों के



बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने अपनी 'एक्स' पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि आज इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस के माध्यम से वार्ता हुई है। जिसमें पश्चिम-एशिया क्षेत्र की स्थिति से जुड़े तमाम मुद्दों को शामिल किया गया। यहां बता दें कि संघर्षविराम के बीच लेबनान में जारी इजरायल के हमलों के दौर में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की यह बातचीत हुई है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अमेरिका की सख्ती से होगा सबका भला

*इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने अपनी एक्स पोस्ट में डॉ.जयशंकर के साथ हुई वार्ता को लेकर कहा कि हमने ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य और लेबनान के मामले पर चर्चा की है। मैंने उन्हें बताया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने वाली शर्तों को लेकर जारी वार्ताओं में अमेरिका का दृढ़ रुख संपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है। अमेरिकी सख्त रुख में ईरान में कोई संवर्धन नहीं और वहां से संवर्धित सामग्री हटाना जैसे बिंदु मुख्यरूप से शामिल हैं।*

### ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर के विदेश मंत्रियों से हुई वार्ता

*भारत के विदेश मंत्री की ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग और सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ भी बातचीत हुई है। 'एक्स' पोस्ट में उन्होंने बताया कि आज ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री के साथ पश्चिम-एशिया में चल रहे संघर्ष के मामले पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। जबकि सिंगापुर के विदेश मंत्री से हुई वार्ता को लेकर जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि विवियन बालाकृष्णन से बात करना हमेशा सुखद होता है। हमारी चर्चाएं पश्चिम-एशिया क्षेत्र में संघर्ष और प्रभावों पर केंद्रित थीं। बीते सोमवार को जयशंकर ने कुवैत के विदेश मंत्री शेख जराह जबेर अल-अहमद अल-सबाह के साथ हुई मंत्रणा को अच्छी बताया है। साथ ही कहा, यह क्षेत्रीय हालात और भारतीय समुदाय के कल्याण जैसे विषयों पर केंद्रित थी।*

## खबर संक्षेप

### करोल बाग में वाहनों के नकली पुर्जे बेचने वाला गिरोह पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने वाहनों के नकली पुर्जे बेचने वाले एक गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 25-30 लाख के नकली पुर्जे बरामद किए गए। पकड़े गये लोगों के नाम करोल बाग निवासी भरत (27) तथा राजेंद्र सिंह (28) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को करोल बाग में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से बड़ी मात्रा में अनेक ब्रांड के नकली पुर्जे तथा पैकेजिंग सामग्री बरामद की है। एक आरोपी के गोदाम से लगभग 60 थैलों में नकली पुर्जे बरामद किए गए। प्लास्टिक पैकिंग मशीन तथा एक बारकोड प्रिंटर भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार सम्पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने की कोशिश की जा रही है तथा मामले की आगे की जांच जारी है।

### अनाज को भंडारण में रखने से पहले भंडारघर की करें सफाई : पूसा

**नई दिल्ली।** अनाज को भंडारण में रखने से पहले भंडारघर की सफाई करें तथा अनाज को सुखा लें। दानों में नमी 12 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान-पूसा के कृषि भौतिकी संभाग में नोड़ल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने यह सलाह जारी की है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि भंडारघर को अच्छे से साफ कर लें। छत या दीवारों पर यदि दरारें है तो इन्हे भरकर ठीक कर लें। बोरियों को 5 प्रतिशत नीम तेल के घोल से उपचारित करें। बोरियों को धूप में सुखाकर रखें। जिससे कीटों के अंडे तथा लार्वा तथा अन्य बीमारियाँ आदि नष्ट हो जावें। किसानों को सलाह है कि कटी हुई फसलों तथा अनाजों को सुरक्षित स्थान पर रखे।

### सेना अधिकारी व उनके परिवार के साथ हुई घटना पर एलजी ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने वसंत एन्क्लेव में एक सैनिक अधिकारी के साथ हुई घटना पर चिंता जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस मामले पर एलजी संधू ने कहा कि भारतीय सेना के एक सेवारत ब्रिगेडियर, उनकी पत्नी और उनके 23 वर्षीय बेटे (जो आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएट हैं) पर हमला किया गया। सैनिक अधिकारी व उनके परिवार के साथ हुई इस शर्मनाक घटना से मैं बहुत चिंतित हूँ। उन्होंने कहा कि मैंने खुद ब्रिगेडियर पी.एस. अरोड़ा से बात करके घटना के बारे में जानकारी ली और उनका हालचाल जाना है। मैंने पुलिस कमिश्नर और डीसीपी से भी बात की और उन्हें निर्देश दिया कि वे इस मामले की पूरी और तेज़ी से जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ तुरंत और उचित कार्रवाई करेगी। मैंने दिल्ली पुलिस को यह भी निर्देश दिया है कि वह उस अधिकारी और उनके परिवार को पूरी सुरक्षा प्रदान करें। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

सुल्तानपुरी इलाके की घटना

# चाकू से हमला कर किशोर की हत्या, तीन नाबालिग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में कुछ नाबालिगों ने एक 16 वर्षीय किशोर की चाकू से हमला कर हत्या कर दी। इस वारदात के संबंध में पुलिस ने तीन नाबालिगों को पकड़ा है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि मामूली बात को लेकर किशोर का इलाके के ही कुछ लड़कों के साथ विवाद हुआ था। लेकिन उसने विवाद की पुलिस में कभी औपचारिक शिकायत नहीं की थी।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात को सुल्तानपुरी थाने में चाकूबाजी की घटना के संबंध में पीसीआर से सूचना मिली। फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि एक लड़के पर चाकू से हमला किया गया है तथा उसे संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही लड़के की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम को लड़के का सामना एक नाबालिग और उसके तीन साथियों से हुआ तथा पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही हिंसक टकराव में बदल गई। पुलिस ने बताया कि विवाद के दौरान नाबालिगों ने लड़के पर कथित रूप से चाकू से कई वार किए गए जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि शेष आरोपियों की पहचान करने और उनका पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

# फर्जी न्यायिक अधिकारी समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



संसद मार्ग थाने की पुलिस ने फर्जी जज समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास एक पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान सूर्य अग्रवाल (31) और निखिल यादव (21) के रूप में हुई है। दोनों व्यक्ति उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने जाली दस्तावेजों का कथित तौर पर इस्तेमाल करके खुद को न्यायिक अधिकारी बताया था।

डीसीपी नई दिल्ली सचिन शर्मा के अनुसार पांच अप्रैल को शाम करीब पांच बजे टीम ने एक संदिग्ध एसयूवी (एमजी हेक्टर) कार को रोका, जो बिना पंजीकृत नंबर प्लेट के थी और उसकी खिड़कियों पर काली फिल्म लगी थी। गाड़ी पर 'जज, उत्तर प्रदेश सरकार' लिखा एक स्टिकर भी लगा था, जिससे संदेह हुआ। वाहनों के शीशे पर काली फिल्म लगाना प्रतिबंधित है। डीसीपी ने बताया कि तलाशी के दौरान निखिल यादव के पास से एक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए, जबकि अग्रवाल के पास पांच कारतूस मिले। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अग्रवाल ने खुद के एक अधिवक्ता होने और उत्तर प्रदेश का एक सिविल जज होने का दावा किया। उन्होंने बताया कि उसने एक न्यायिक पहचान पत्र और उत्तर प्रदेश अधिकारियों द्वारा जारी एक पत्र दिखाया, जिसमें दावा किया गया कि उसे दिल्ली में हथियार ले जाने की अनुमति है। अधिकारी ने बताया कि हालांकि, पड़ताल के बाद पुलिस को पता चला कि पहचा पत्र और पत्र दोनों ही जाली थे तथा उनमें डिजिटल माध्यम से बदलाव किया गया था। पुलिस को पता चला कि अग्रवाल के पास उत्तर प्रदेश में जारी एक वैध हथियार लाइसेंस था, लेकिन यह लाइसेंस सिर्फ उसी राज्य तक सीमित था और उसे दिल्ली में हथियार ले जाने की अनुमति नहीं थी। संसद मार्ग थाने में दोनों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने पिस्तौल, नौ कारतूस, घटना में इस्तेमाल की गई एसयूवी, जाली पहचान पत्र, जाली अनुमति पत्र और अधिकारी का गलत तरीके से दर्जा जताने के लिए इस्तेमाल किया गया स्टिकर जब्त कर लिया है।

# पुलिस ने नरेन्द्र गिरोह के दो गुर्गों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा ने जहांगीरपुरी इलाके में सक्रिय नरेन्द्र गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम रणधीर उर्फ विजय (25) और परवेश उर्फ मोहम्मद दानिश (28) बताये गये हैं। दोनों आरोपी पहले भी लूट, डकैती जैसे कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि नरेन्द्र गिरोह के दो बदमाश भलस्वा झील के पास लूट की वारदात को अंजाम देने आने वाले हैं, जिसके बाद पुलिस टीम ने एक अभियान में दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी परवेश ने खुलासा किया कि वह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी योगेश उर्फ सचिन से अवैध रूप से 30-35 हजार रुपये में पिस्तौल और 10 हजार में देसी कट्टे खरीदता था और इनकी आपूर्ति नरेन्द्र गिरोह के सदस्यों को करता था। वह खुद भी दिल्ली में लूटपाट के लिए इनका इस्तेमाल करता था। दोनों बदमाशों के पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल, एक देसी कट्टा और चार कारतूस बरामद किए गए। आरोपी परवेश के खिलाफ दिल्ली और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर में सात मामले दर्ज पाये गये। वहीं, रणधीर के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में चोरी, झपटमारी और आर्म्स एक्ट के आठ मामले दर्ज हैं।

# अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही बाबा साहब को है सच्ची श्रद्धांजलि : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे, यही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 26 अलीपुर रोड स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों का स्मरण किया। वहीं डॉ. अंबेडकर की स्मृति में मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक वॉटर एटीएम का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया। डॉ. अंबेडकर की परिनिर्वाण स्थली पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के दलित और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित किया। उन्होंने उन्हें भारत के लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि उनकी दी हुई बुनियाद पर आज 140 करोड़ देशवासियों का विशाल लोकतांत्रिक ढांचा मजबूती से खड़ा है। बाबा साहब का जीवन और विचार हमें समानता, न्याय और आत्मसम्मान के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके अमर संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने 26 अलीपुर रोड स्थित बाबा साहब की परिनिर्वाण स्थली पर श्रद्धांजलि अर्पित करना अपने लिए सौभाग्य बताया।

### स्कूटी के सामने आई गाय, हादसे में पति-पत्नी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की सदन बैठकों, स्थायी समिति की बैठकों सहित वार्ड समितियों की बैठकों में भी आवारा गाय, पशुओं को नियंत्रित कर गौशालाओं में भेजने को लेकर अनेकों बार पार्षदों ने जोर शौर से मामले उठाए हैं। लेकिन आवारा पशुओं पर दिल्ली नगर निगम प्रशासन कोई ज्यादा कार्य नहीं कर पाई और इसी लापरवाही के चलते हर दिन दिल्लीवासियों को जान जोखिम में डालकर घरों से निकला पड़ रहा है। हालात इतने बदत्तर हो गये हैं कि कुत्ते और गौ वंश आप पर कभी भी कहीं से भी हमला कर सकते हैं। एक परिजन ने बताया कि सोमवार देर शाम जैतपुर निवासी सोनिया और उनके पति रितेश कुमार के साथ घटित हुई। सोमवार की देर शाम घर से कालका जी मंदिर जाते समय ताजपुर पहाड़ी के पास मैन रोड पर डिवाइडर पार कर अचानक गाय स्कूटी के सामने आ गई। गाय के अचानक स्कूटी से टकराने से दोनों सड़क पर गिर गये जिसमें सोनिया का पैर फैक्क्चर हो गया। वहीं रितेश को मामूली चोटें आई है। सोनिया का कहना है कि गाय के चलते अब उन्हें एक महीना बिस्तर पर गुजारना पड़ेगा। डॉक्टर ने बिस्तर पर आराम की सलाह दी है। पीड़ितों का आरोप है कि जैतपुर से लेकर बदरपुर तक सड़कों पर आवारा पशुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नगर निगम और सरकार गायों को सड़कों पर छोड़ने वालों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। शिकायत करने पर गाय उठाई जाती है फिर पुनः छोड़ दी जाती है। बता दें कि दिल्ली के हर चौक चौराहे पर गौ-वंश की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। निगम गायों को पकड़कर गौ शालाओं में छोड़ने में भी विफल साबित हो रही है।

### कांग्रेसियों ने डॉ. अंबेडकर जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने डॉ0 बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को उनकी 135 वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन आयोजित किए गए सादे कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष यादव ने डॉ. अंबेडकर की फोटो पर फूल मालाएं चढ़ाई और उन्हें आजाद भारत के संविधान का जनक बताया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि डा0 अम्बेडकर का जीवन केवल इतिहास नहीं, बल्कि हर उस आवाज़ की ताकत है जिसने अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस किया। भारत रत्न और महान समाज सुधारक बाबा साहब के विचारों से प्रेरणा लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जन सेवा में ले है। उन्होंने कहा कि इनके गतिशील नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी दलितों, वंचितों और अन्य पिछड़े वर्गों को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए लगातार आवाज उठा रही है। बाबा साहब ने भी इन समाज के लोगों के लिए अंतिम समय तक आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना की मांग करती रही है कि लोगों के हर वर्ग, विशेष रूप से पिछड़े और उपेक्षित लोगों को देश के विकास और प्रगति में समान और उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में यादव के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, अ भा क कमेटी के एससी विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम, पूर्व चेयरमैन राजेश लिलोठिया, दिल्ली की पूर्व मंत्री डॉ किरण वालिया आदि प्रमुख थे।

# एमसीडी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में अपार संघर्षों का सामना करते हुए, शिक्षा और संविधान के माध्यम से भारत को एक नई दिशा दी। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के उपलक्ष्य में निगम मुख्यालय परिसर स्थित केदारनाथ साहनी सभागार में एक भव्य समारोह के आयोजन के अवसर पर यह संबोधन दिया। निगम द्वारा आयोजित इस समारोह में पार्षदगण, निगम आयुक्त संजीव खिरवार, समस्त अतिरिक्त आयुक्त, समस्त क्षेत्रीय उपायुक्त, वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, निगम आयुक्त संजीव खिरवार व निगम के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा निगम मुख्यालय के प्रांगण में स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुआ। महापौर ने सभी को भारत रत्न, संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती की हार्दिक बधाई दी। महापौर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की उनकी प्रेरणा आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।

# ब्रिगेडियर व बेटे पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ घर के बाहर कार में शराब पी रहे लोगों ने की थी मारपीट

दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत एन्क्लेव में सार्वजनिक रूप से शराब पीने से मना करने पर कार सवारों द्वारा ब्रिगेडियर और उनके बेटे पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को दो लोगों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम 49 वर्षीय सतेंद्र उर्फ सोनू और 56 साल के संजय शर्मा बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार ब्रिगेडियर और उनके आईआईटी स्नातक बेटे पर कुछ लोगों ने हमला किया था, जबकि उनकी पत्नी को धमकी दी गई थी। यह घटना तब हुई जब सैन्य अधिकारी ने अपने घर के पास खड़ी एक कार में शराब पी रहे दो लोगों का विरोध किया। यह घटना 11 अप्रैल को सामने आई थी। कार में शराब पीने के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने जांच में तेजी दिखाई और वायरल वीडियो में दिख रहे दोनों कार सवारों को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, महरम नगर निवासी सतेंद्र चौधरी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में निदेशक है, जो उड़ान सेवाएं (चार्टर्ड उड़ानें, कार्गो उड़ानें आदि) प्रदान करती है और विमानों और उनके पुर्जों की बिक्री और खरीद में भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि शर्मा भी महरम नगर का निवासी है और इलाके में ही एक ढाबा चलाता है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और घटना में शामिल 'मर्सिडीज' गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। इससे पहले पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शेख करीमुल्ला, पुत्रः शेख अजीज, निवासीः सी–341, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 147/2021, U/s: 27/61/85 NDPS Act, पुलिस थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शेख करीमुल्ला** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शेख करीमुल्ला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **शेख करीमुल्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.05.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री ज्योति नैन
जेएमएफसी–07, उत्तर, कमरा नंबर 06,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4812/NW/2026


# महिला की गोद में बैठी बच्ची जा गिरी शीशे से बाहर

# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने कार को मारी टक्कर, दो साल की बच्ची की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



एनएच 44 पर अलीपुर इलाके में एक फॉर्च्यूनर ने सेलेरियो कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार महिला की गोद में बैठी दो वर्षीय बच्ची शीशे से बाहर जा गिरी और उसकी मौत हो गई। कार में बच्ची, उसकी मां और चार अन्य लोग यात्रा कर रहे थे। दुर्घटना के बाद फॉर्च्यूनर का चालक कार वहीं छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर करीब दो बजे बकोली गांव बत्ती के पास हुई।

पुलिस के अनुसार एसयूवी कथित तौर पर 100 से 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी और उसने सेलेरियो कार को टक्कर मार दी, जिसमें चार वयस्क और दो बच्चे सवार थे। मामले की एफआईआर के अनुसार टक्कर के कारण कार सड़क पर घूम गई और डिवाइडर से टकरा गई। बच्ची अपनी मां की सहेली की गोद में आगे की सीट पर बैठी थी और कार का शीशा बंद नहीं था। टक्कर के कारण बच्ची उछलकर कार के शीशे से बाहर सड़क पर जा गिरी। हरियाणा के सोनीपत निवासी 47 वर्षीय शिकायतकर्ता रविंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वे रानी खेड़ा से लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। सिंह ने कहा कि एसी खराब था इसलिए हमने कार की शीशे खुले रखे थी। मेरी बेटी ज्योति आगे की सीट पर बच्ची को गोद में लिए बैठी थी तभी तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने हमें पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दो वर्षीय बच्ची देवांशी की मां आरती गाड़ी चला रही थी। पुलिस के अनुसार तेज रफ्तार एसयूवी ने छोटी कार को उसी समय टक्कर मारी जब सिग्नल पर लाइट हरी हुई थी। पुलिस ने बताया कि सड़क पर गिरने से बच्ची के सिर में गंभीर चोट आई और उसे नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र (एसआरएचसी) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना में दो और लोग घायल हुये और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान, पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटनास्थल की जांच के लिए अपराध टीम को भी बुलाया गया और जांच के तहत सबूत एकत्र किए गए। आरोपी चालक अभी भी फरार है। उसकी तलाश जारी है। आगे की जांच जिले के एमएसीटी सेल को दी गई है।

### प्लास्टिक कचरे से होने वाले प्रदूषण को रोकने की कवायद शुरू : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली में प्लास्टिक कचरे से होने वाले प्रदूषण को रोकने की कवायद दिल्ली सरकार ने शुरू कर दी है। इसी कड़ी में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पर्यावरण विभाग को प्लास्टिक कचरे की समस्या से निपटने के लिए डिपॉजिट रिटर्न स्कीम (डीआरएस) लागू करने की संभावनाओं पर विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मंत्री सिरसा ने एक उच्चस्तरीय बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्लास्टिक और अन्य कचरे से जुड़ी गंभीर समस्या पर चर्चा की गई। यह कचरा नालों को जाम कर रहा है, जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है, मिट्टी को नुकसान पहुंचा रहा है और खुले में जलने से वायु प्रदूषण बढ़ा रहा है। बैठक के दौरान मंत्रह सिरसा ने कहा कि यह स्कीम अन्य राज्यों में सफल रही है और दिल्ली को भी अपने शहरी चुनौतियों के अनुसार इसे अपनाने पर विचार करना चाहिए, ताकि जल्दी और ठोस परिणाम मिल सकें। मंत्री सिरसा ने इस संबंध में स्टैंडिंग ऑर्डर जारी करते हुए पर्यावरण विभाग को कहा है कि वे इन मॉडलों का विस्तृत अध्ययन करें, दिल्ली के लिए उपयुक्त डीआरएस ढांचा तैयार करें और फाइनेंशियल मैकेनिज्म, संस्थागत व्यवस्था, स्टेकहोल्डर्स की जिम्मेदारियां और लागू करने की रणनीति को शामिल करते हुए एक व्यापक प्रस्ताव एक महीने के भीतर तैयार करें।सिरसा ने इस पहल के जनहित पहलू पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों, व्यवसायों और रीसाइक्लर्स को साथ लेकर डीआरएस न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने में मदद करेगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मधु कौशिक, पत्नीः सुरेश कौशिक, पताः 1) 5816, जोगीवाड़ा नई सड़क, दिल्ली–06, 2) 9574, टोकरीवालां आजाद मार्केट, दिल्ली–06** ने **Case No. 2939/19, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना बारा हिंदू राव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मधु कौशिक** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मधु कौशिक** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case No. 2939/19, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना बारा हिंदू राव, दिल्ली** के अभियुक्त **मधु कौशिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री उर्वी गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट–01), सेंट्रल
कमरा नं. 201, एनेक्स–II, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4886/N/2026

## खबर संक्षेप

### दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर उद्घाटन भारत के लिए मील का पत्थरः संधू

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर उद्घाटन विकसित भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर यात्रा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर 11,868 करोड़ का मेगा प्रोजेक्ट उनके परिवर्तनकारी विज़न का एक सशक्त प्रमाण है। पीएम मोदी के इस सपने को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के गतिशील नेतृत्व में क्रियान्वित किया गया है। संधू ने कहा कि यह भारतीय नागरिकों के लिए विश्व-स्तरीय कनेक्टिविटी को और करीब लाता है। खासकर दिल्ली के निवासियों के लिए यह एक्सप्रेस वे वास्तव में एक बहुत बड़ा गेम-चेंजर है। यह देहरादून तक की यात्रा के समय को लगभग छह घंटे से घटाकर मात्र ढाई घंटे कर देगा। उन्होंने कहा कि अक्षरधाम, गीता कॉलोनी और शास्त्री पार्क जैसे प्रमुख बिंदुओं से शुरू होने वाली निर्बाध और सिग्नल-मुक्त कनेक्टिविटी मिलेगी।

### तकनीकी मरम्मत के चलते कई क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के चंद्रावल जल शोधन संयंत्र नंबर 2 के पंप हाउस में एचटी पैनल और एचटी केबल पर कुछ जरूरी आपातकालीन कार्यों की वजह से शटडाउन रहेगा। डीजेबी ने बताया कि जिसके चलते चंद्रावल वॉटर वर्क्स से पीने के पानी की आपूर्ति 15 और 16 अप्रैल 2026 को प्रभावित रहेगी या कम प्रेशर पर उपलब्ध होगी। डीजेबी ने कहा कि शटडाउन के दौरान इससे जुड़े कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इन क्षेत्रों में सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल और आस-पास के क्षेत्र। कमला नगर, शक्ति नगर और आस-पास के क्षेत्र। करोल बाग, पहाड़गंज और एनडीएमसी क्षेत्र। पुराना और नया राजेंद्र नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी और आस-पास के क्षेत्र। कैंटोनमेंट क्षेत्र और दक्षिण दिल्ली आदि के कुछ हिस्से शामिल है। डीजेबी ने जनता को सलाह दी है कि संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ता पानी का समझदारी से इस्तेमाल करें।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की बदल रही सूरत, बुनियादी ढांचे को मिल रही नई उड़ान

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे विकास और आस्था का नया संगम : रेखा

### पीएम द्वारा दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को जनता को समर्पित करने के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का वक्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे केवल दूरी कम करने वाला प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि विकास और आस्था का नया संगम है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को जनता को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे समर्पित करने के बाद कही। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार का दिन बेहद खास और शुभ है। देश के लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ भारत-रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को देश को समर्पित किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में दिल्ली की जरूरतों को समझते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी हुई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा परिवहन मंत्रालय के तहत दिल्ली में करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये के काम चल रहे हैं, जो राजधानी के बुनियादी ढांचे को नई दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में दिल्ली निरंतर प्रगति कर रही है और आने वाले समय में नई परियोजनाओं और नीतियों के माध्यम से राजधानी को और सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के विजन के अनुरूप दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।






### दिल्ली से देहरादून अब 2 से 2.5 घंटे में पहुंच जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेसवे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को लगभग 6 से 7 घंटे से घटाकर मात्र 2 से 2.5 घंटे कर देगा। उन्होंने इसे केवल दूरी कम करने वाला प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि दिल्ली की आधुनिकता को देवभूमि की आध्यात्मिकता से जोड़ने वाला सेतु बताया। उन्होंने कहा कि देश में एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड कॉरिडोर का नेटवर्क तेजी से विस्तार कर रहा है, जो 3 हजार किमी से अधिक हो चुका है, वहीं नेशनल हाईवे नेटवर्क भी लगभग 51 हजार किमी से बढ़कर 1 लाख 46 हजार किमी तक पहुंच गया है। यह देश में बुनियादी ढांचे के तीव्र विकास का प्रमाण है।

### केंद्र और राज्य सरकारों के तालमेल से दिल्ली तेजी से विकास की राह पर बढ़ रही

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'डबल इंजन सरकार' की ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के बेहतर तालमेल से दिल्ली तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रही है। कई प्रमुख सड़कों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंपा गया है, जिससे उनका बेहतर रखरखाव और विकास संभव हो सकेगा। लगभग 5,000 करोड़ रुपये की लागत से मुनक नहर पर बनने वाली एलिवेटेड रोड परियोजना से ट्रैफिक और सुगम होगा और जाम की समस्या भी काफी हद तक कम होगी। दिल्ली सरकार अब जमीनी स्तर पर काम करते हुए हर समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# समानता और सामाजिक न्याय के दृढ़ समर्थक थे डॉ. अंबेडकरः विजेंद्र

- विधानसभा परिसर में बाबा साहब की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर समानता और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे। यह विचार मंगलवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में आयोजित डॉ. अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद व्यक्त किए। गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। उन्होंने संविधान को एक अद्वितीय और दूरदर्शी दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह आज भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें महिला सफाई कर्मी भी शामिल थीं। उनकी उपस्थिति डॉ. अंबेडकर के प्रति समाज के सभी वर्गों में व्याप्त गहरे सम्मान और श्रद्धा को दर्शाती है। गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के आदर्श और दृष्टि आज भी एक समावेशी, न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शासन और सार्वजनिक जीवन में इन सिद्धांतों को आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। गुप्ता ने कहा कि डॉ. अबेडकर की जयंती को उनके महान योगदान के सम्मान में राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित डॉ. अंबेडकर को समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु उनके अद्वितीय योगदान के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

# रात को घोर अंधेरे में डूब जाते हैं दिल्ली देहात के बस स्टैंड



- स्टैंड पर बिजली व्यवस्था ठप, यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल
- महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को स्मार्ट सिटी बनाने के दावे भले ही लगातार किए जा रहे हों, लेकिन राजधानी के देहात इलाकों की हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग नजर आती है। दिल्ली देहात के कई बस स्टैंड रात होते ही घोर अंधेरे में डूब जाते हैं, जिससे रोजाना यात्रा करने वाले हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किराड़ी, नरेला, बवाना, कंझावला, मुंडका और अलीपुर जैसे क्षेत्रों में स्थित बस स्टैंडों पर स्ट्रीट लाइट्स या तो खराब पड़ी हैं या फिर पर्याप्त संख्या में लगी ही नहीं हैं।

जैसे ही सूरज ढलता है, ये बस स्टैंड असुरक्षित स्थानों में तब्दील हो जाते हैं। अंधेरे के कारण यात्रियों को बस का इंतजार करना भी जोखिम भरा हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां से हर दिन सरकार की काफी बसों का आवागमन है और पुलिस अधिकारी भी आते जाते हैं और जनप्रतिनिधियों को भी स्थिति की जानकारी है। लेकिन इस दिशा में कोई सुधार नहीं हुआ है। रात में यहां खड़ा होना डरावना होता है, खासकर महिलाओं के लिए। अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। बस स्टैंडों पर रोशनी की कमी के चलते चोरी, छेड़छाड़ और अन्य आपराधिक घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार यात्री मोबाइल की टॉर्च जलाकर खड़े रहने को मजबूर होते हैं। वहीं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सभी बस स्टैंडों पर तत्काल प्रभाव से हाईमास्ट लाइट्स या सोलर लाइट्स लगाई जाएं, खराब स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत की जाए और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित हो सके। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह अंधेरा किसी बड़ी घटना का कारण बन सकता है।

### 'रात की ड्यूटी में उत्कृष्ट सेवा पर चालक को किया सम्मानित'

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के बवाना-1 डिपो के कलस्टर बस चालक हरपाल सिंह को उनकी कर्तव्यनिष्ठा और रात के समय उत्कृष्ट सेवा के लिए मंगलवार को सम्मानित किया गया। बता दें कि सप्ताह भर पहले में -हरिभूमि- में रात ड्यूटी के दौरान उनकी सराहनीय सेवा प्रदर्शन को प्रकाशित किया गया था, जिसके बाद स्थानीय पार्षद अंजू अमन ने इस खबर को पढ़कर स्वयं संज्ञान लिया। पार्षद ने डिपो प्रबंधन से संपर्क कर चालक को सम्मानित करने की इच्छा जताई। इसके तहत बवाना-1 डिपो परिसर में मंगलवार को एक सादे कार्यक्रम में चालक हरपाल सिंह को सम्मानित किया गया। इसके तहत चालक हरपाल सिंह को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### एलजी संधू ने डॉ. अंबेडकर जयंती पर किया नमन

नई दिल्ली। भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ0 बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को उनकी 135 वीं जयंती पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने किया कोटि कोटि नमन। वहीं दूसरी तरफ संधू ने लोगों को बैसाखी पर्व की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। संधू ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उन्होंने लिखा कि बाबा साहेब केवल संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सशक्त समर्थक भी थे। उनके विचार और योगदान हमें प्रगतिशील भारत के निर्माण में निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। जबकि एलजी ने दूसरी पोस्ट में लिखा कि आप सभी को बैसाखी, पोइला बैसाख, सतुआन, विशु, जुड़ शीतल और बोहाग बिहू की हार्दिक शुभकामनाएँ। उन्होंने लिखा कि लहलहाती फसल, नवांकुरित बीज और नव वर्ष के स्वागत का यह पावन अवसर समस्त देशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। संधू ने लिखा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाए जाने वाले यह पर्व हमारी परंपराओं और विविधता में एकता की भावना को दर्शाते हैं।

# भाजपा सरकार दिल्ली में सख्ती से लागू करे न्यूनतम मजदूरी : संजीव झा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने सोमवार को न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर हुए मजदूरों के आंदोलन से दिल्ली की भाजपा सरकार न्यूनतम वेतन कानून को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

'आप' विधायक संजीव झा ने कहा कि भाजपा की यूपी पुलिस ने लाठी के दम पर न्यूनतम वेतन की मांग कर रहे कर्मचारियों के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया। लेकिन यह आंदोलन थमने वाला नहीं लग रहा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली में श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी का कानून बनाया और सख्ती से लागू कराया, लेकिन अब भाजपा सरकार में उसका पालन नहीं हो रहा है और मजदूरों को 8-9 हजार रुपए मासिक वेतन पर काम करने को मजबूर किया जा रहा है। प्रैसवार्ता में संजीव झा ने कहा कि दिल्ली की पूर्व अरविंद केजरीवाल सरकार देश की एकमात्र ऐसी सरकार थी, जिसने यह तय किया कि न्यूनतम मजदूरी 15 हजार रुपए से ज्यादा होनी चाहिए। इसके लिए अरविंद केजरीवाल ने अलग-अलग श्रेणियां भी बनाईं। लेकिन आज कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। मजदूरों को उनकी उचित मजदूरी नहीं दी जा रही है और मजबूरन उन्हें सड़कों पर आना पड़ रहा है। कोंडली से विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि नोएडा के अंदर देश के कामगार, मजदूर और दलित समाज के लोग आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जैसा नोएडा में हो रहा है, कल दिल्ली में भी वैसा ही होगा और दिल्ली के मजदूर भी सड़कों पर उतरेंगे। अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के गरीब लोगों को 18 हजार रुपए न्यूनतम मजदूरी देने का काम किया था। लेकिन आज अगर दिल्ली के अस्पतालों और अन्य जगहों पर देखा जाए, तो लोगों से 10 हजार रुपए के वेतन में काम कराया जा रहा है।

# 'निगम शिक्षक ट्रांसफर प्रक्रिया पर उठे सवाल, पारदर्शिता की मांग तेज'

### आरोप : जबरन ट्रांसफर और म्यूचुअल आदेश से बढ़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में चल रही शिक्षक ट्रांसफर प्रक्रिया को लेकर फिर से निगम शिक्षकों ने शिक्षा प्रशासन पर धांधली के आरोप लगाए हैं और इस मामले में पारदर्शी नीति की मांग की जा रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर शिक्षकों ने इस प्रक्रिया में कई गंभीर कमियों और खामियों का आरोप लगाते हुए इसे अपारदर्शी और अन्यायपूर्ण बताया है। वहीं, शिक्षक संगठन के प्रतिनिधियों का कहना है कि जब तक एक स्पष्ट, निष्पक्ष और पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी लागू नहीं की जाती, तब तक इस तरह की समस्याएं लगातार सामने आती रहेंगी। वहीं, इस संबंध में निगम प्रवक्ता अनिल यादव की तरफ से शिक्षा विभाग को लेकर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

शिक्षक संगठन ने स्पष्ट किया कि वे ट्रांसफर हुए शिक्षकों के विरोध में नहीं हैं, बल्कि पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग कर रहे हैं ताकि किसी के साथ अन्याय न हो। शिक्षकों से मिली जानकारी के अनुसार कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां शिक्षकों ने ट्रांसफर के लिए आवेदन नहीं किया, फिर भी उन्हें जबरन अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है। वहीं कुछ मामलों में बिना सहमति के म्यूचुअल ट्रांसफर के आदेश जारी कर दिए गए हैं, जिससे शिक्षकों में भारी असंतोष है।

शिक्षक संगठन ने शिक्षकों से अपील की है कि वे जल्दबाजी में रिलीव न हों और अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहें। इस मुद्दे पर कई शिक्षकों के फोन और संदेश मिलने के बाद संगठन ने स्वीकार किया कि ट्रांसफर न हो पाने वाले शिक्षकों में भी रोष व्याप्त है। ऐसे में संगठन ने सभी शिक्षकों से आधिकारिक रूप से समर्थन देने की अपील की है, ताकि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके।

### बाढ़ के पुराने अनुभवों के बाद सरकार ने लिया निर्णय

# दिल्ली सरकार ने मजनू का टीला से पुराने रेलवे पुल तक बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाने को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने हर साल बरसात के मौसम में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने पर पानी को रिंग रोड पर आने से रोकने के लिए यहां मजनू का टीला से लेकर पुराने रेलवे पुल तक 4 किलोमीटर 72 मीटर लंबी सुरक्षा दीवार बनाने को मंजूरी दे दी है। मंगलवार को इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने यमुना की बाढ़ से बचाने वाली दीवार के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। इस परियोजना के अंतर्गत रिंग रोड के किनारे मजनू का टीला से ओल्ड रेलवे ब्रिज (ओआरबी) तक लगभग 4 किलोमीटर 72 मीटर लंबी एक मजबूत सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई है कि अगले वर्ष यमुना में बाढ़ आने से पहले इस दीवार को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने तत्कालीन बजट में इस दीवार के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया है। यह दीवार न केवल यमुना के पानी को रिहायशी इलाकों में घुसने से रोकेगी, बल्कि सिविल लाइंस, कश्मीरी गेट, यमुना बाजार और मजनू का टीला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के लिए एक अभेद्य सुरक्षा कवच का काम करेगी। दशकों से ऐसा होता आ रहा है कि जब भी यमुना में जलस्तर बढ़ता है तो मजनू का टीला और



उसके आसपास के निचले इलाकों से ही पानी सबसे पहले राजधानी में प्रवेश करता है। वर्ष 1978 की भीषण बाढ़ से लेकर 2023 और वर्ष 2025 की बाढ़ तक, रिंग रोड का यह हिस्सा जलमग्न होने के कारण पूरी दिल्ली की रफ्तार रोक देता था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान तटबंध (पुश्ते) भविष्य की चुनौतियों के लिए पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए अब सरकार स्थायी समाधान की ओर बढ़ रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में यमुना ने 208.66 मीटर का अपना सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर छुआ था, जिसने 1978 के रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया। वहीं 2025 में भी यमुना खतरे के निशान (205.33 मीटर) को पार कर 207.48 मीटर तक पहुंच गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की बाढ़ की आशंका भविष्य में भी बनी रहेगी, जिसके स्थायी समाधान के लिए प्रस्तावित दीवार एक मजबूत व स्थायी विकल्प है। इस परियोजना का तकनीकी आधार अगस्त 2024 में तैयार की गई जॉइंट फ्लड कमिटी की रिपोर्ट है, जिसमें पुणे स्थित केंद्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केंद्र (सीडब्ल्यूपीआरएस) के विशेषज्ञ एवं सदस्यों द्वारा हाइड्रोलिक मॉडल अध्ययन और विस्तृत डेटा विश्लेषण किया गया था। इस अध्ययन में स्पष्ट रूप से सुझाव दिया गया कि रिंग रोड के इस हिस्से पर मजबूत फ्लड प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण ही दीर्घकालिक समाधान हो सकता है। लेकिन पूर्व सरकार ने दिल्ली को बाढ़ से बचाने के लिए कोई निर्णय नहीं लिया, जिसका परिणाम है कि बाढ़ आते ही इन इलाकों में बाढ़ के हालात पैदा हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### ठगी करने वाला खाताधारक पकड़ाया

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने एपीके फाइल के माध्यम से 7,09,000 रुपए की ठगी के मामले में 13 अप्रैल को एक आरोपी को करनाल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान शेख मुस्ताक अब्दुल रहीम निवासी गांव सुसावल, जिला जलगांव महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार भीमसेन कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 3 जनवरी को उसे ओम साई राम नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें चालान एपीके नाम की फाइल भेजी गई। उक्त फाइल पर क्लिक करते ही वह उसके मोबाइल फोन में इंस्टॉल हो गई। इसके बाद 7 जनवरी को उसकी बैंक की ओर से उसकी एफडी के प्रीमैच्योर लिक्विडेशन का संदेश प्राप्त हुआ। जिसके बाद खाते से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 7,09,000 रुपए की धोखाधड़ी की गई है।



### मां की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बीते 16 मार्च को गांव मच्छगर में मां की हत्या करने के एक मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने 13 अप्रैल को ललित निवासी गांव मच्छगर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसकी पत्नी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अनुसार भीकम कॉलोनी निवासी एक महिला ने थाना सदर बल्लभगढ में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी सास ओमवती उसके जेठ व जेठानी के साथ गांव मच्छगर में रहती थी। उसकी सास की 16 मार्च 2026 को मृत्यु हो गई थी। पताजोही करने उपरांत शक है कि ओमवती की हत्या उसकी जेठानी व जेठ ने की है। शिकायत पर थाना सदर बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मां ओमवती अपने छोटे बेटे अमित को प्रॉपर्टी और पैसों देना चाहती थी। जिस विवाद के चलते बेटे ललित ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मां की हत्या की थी।



# समुद्र में दुनिया जीतकर लौटी काम्या भारद्वाज का गुरुग्राम में हुआ भव्य स्वागत

## दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर गुरुग्राम तक काम्या की कामयाबी की रही चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

समुद्र में ओपन वाटर स्विमिंग में विश्व रिकॉर्ड बनाकर गृह नगर गुरुग्राम पहुंची काम्या भारद्वाज का दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर गुरुग्राम तक भव्य स्वागत किया गया। बेटी काम्या द्वारा जीती गई ट्रॉफी को हाथ में उठाकर खुशी जाहिर करते पिता सुनील भारद्वाज भावुक नजर आए। अशोक विहार फेस-2 में समस्त अशोक विहार निवासियों की ओर से काम्या के सम्मान में समारोह आयोजित करके उनका सम्मान किया गया। परिवार के साथ-साथ पूरे गुरुग्राम, पैतृक गांव बालूदा में काम्या की कामयाबी की खुशी रही। काम्या के दादा मदन लाल शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, महेश शर्मा पौती की इस सफलता पर खूब झूमे और उसे इसी तरह रिकॉर्ड बनाते रहने का आशीर्वाद दिया। समुद्र की लहरों के विपरीत तैरकर काम्या की कामयाबी के क्षेत्र में चर्चे रहे। काम्या भारद्वाज ने पानी में धनुषकोड़ी से तलाईमन्नार और वापस धनुषकोड़ी तक की पानी में कठिन यात्रा 18 घंटे 15 मिनट में यात्रा पूरी की। इस तरह से काम्या ने सुजिता देव वर्मन का 19 घंटे 20 मिनट का रिकॉर्ड तोड़कर नया विश्व रिकॉर्ड बना डाला। काम्या का सम्मान करने के लिए रामचंद्र शर्मा, छज्जू राम शर्मा, एमएल शर्मा, प्रेम राज शर्मा, संदीप



शर्मा, अजीत भारद्वाज, वरुण, ऋतु, मनोज कौसिक, सतवीर श्योराण, जय भगवान जांघू, मदन लाल वशीथ, विनोद भारद्वाज, धीरेंद्र ठाकुर, राम सजन सिंह (आरएसएस), संजय चौहान, भोपेंद्र, रजनीश भारद्वाज, शशि साहू, मोहित साहू, भगवान, भगत, दिनेश चंद्र, सुरेंद्र यादव, रामदास राठौर, वीरेंद्र सिंह, चौधरी कृष्ण यादव, त्रिलोक चंद, हेमंत भारद्वाज, मनोज यादव, राजवीर शर्मा, धर्मवीर सिंह, पूनम यादव, गीता मलिक, ज्योति चंद्र, कुसुम भारद्वाज, प्रतिभा शर्मा, माईशा भारद्वाज, प्रीति शर्मा के अलावा संगीत वस्त्रालय, श्रीश्याम हार्डवेयर, सीता राम ज्वैलर्स, शगुन स्टील, गोयल एंटरप्राइजेज, गौरी प्रॉपर्टी की भूमिका रही। दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कालेज में बीएससी जूलॉजी की छात्रा है। बचपन से ही वह तैराकी कर रही है। हाल ही में उनसे तैराकी के पाक स्ट्रेट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ओपन वाटर स्विमिंग एकेडमी थेनी की ओर से समुद्र में आयोजित इस ओपन वाटर स्विमिंग के लिए एक रिकॉर्ड तोडक़र नया रिकॉर्ड बनाने के लिए नाव से कूदीं। बुलंद हौंसलों और दुनिया जीतने के इरादों से काम्या ने समुद्र के नीले पानी में छलांग लगाते हुए खुद को आगे बढ़ाना शुरू किया। यह सफर इतना आसान नहीं था। समुद्र में विपरीत लहरों के बीच पानी को चीरते हुए काम्या आगे बढ़ी। काम्या की तैराकी का मार्ग अरिचलमुनाई (भारत) से तलाईमन्नार (श्रीलंका) तक का और फिर वापस अरिचलमुनाई तक रहा। 12 अप्रैल रविवार दोपहर 01:30 बजे से काम्या के इस सफर की शुरुआत अरिचलमुलाई से हुई। वह रात 10:35 बजे काम्या श्रीलंका के ऊर्माला (तलाईमन्नार) पहुंची। हरियाणा की माटी में पली-बढ़ी काम्या जलपरी की तरह समुद्र में तैरते हुए सोमवार की सुबह 07:45 बजे अरिचलमुनाई के तट पर वापस पहुंची। काम्या ने सुजिता देव वर्मन का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। सुजिता देव वर्मन ने 19 घंटे 20 मिनट में यह सफर पूरा किया था और काम्या ने उनसे एक घंटे पांच मिनट पहले यानी 18 घंटे 15 मिनट में ही यह यात्रा पूरी करते हुए नया विश्व रिकॉर्ड बना डाला। समुद्री जीवों के डंक भी काम्या के हौंसले को नहीं तोड़ पाए। उसने पानी में गतिमान रही।

*गाजियाबाद में धूमधाम से मनी अंबेडकर जयंती, संविधान निर्माता को दी गई पुष्पांजलि*

# महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा प्राप्त राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं: जिलाधिकारी माँदड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद





जिले में संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन ज्योति मौर्य, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी सिटी विकास कश्यप तथा अपर जिलाधिकारी (भूमि अधिग्रहण) अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आत्मसात करने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि महापुरुषों की जयंती का आयोजन उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों को समाज में प्रसारित करने का माध्यम है, जिससे नई पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सके। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थेउन्होंने सभी से सामाजिक समरसता बनाए रखने, नियमों का पालन करने तथा सोशल मीडिया के वर्तमान परिवेश में संयम एवं जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करने की अपेक्षा व्यक्त की। भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय पर आज निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का गरिमामयी आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर उनके जीवन, संघर्ष, त्याग और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में चौधरी ने कहा कि बाबा साहब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं एक ऐसी चेतना, जिसने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी अधिकार, सम्मान और समान अवसर का विश्वास दिलाया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से जिस समतामूलक समाज की नींव रखी, वह आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। कांग्रेस कमेटी सेंट्रल मार्केट पुराना बस अड्डा ग पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया और सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि संविधान ही एक ऐसी ताकत है जो हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी को साथ में लेकर गरीब मजदूर महिला पुरुष को बराबरी का सम्मान देती है जो आप अपनी मौलिक अधिकारों के लिए शासन प्रशासन से कानूनी लड़ाई को लड़ सकते हैं।

# बाबा साहेब ने खुद्दारी से जीवन जीने का रास्ता बनाया: राज बब्बर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



पूर्व सांसद एवं गुरुग्राम लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे राज बब्बर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी ने हमें जो संविधान दिया, वह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं बल्कि उनका सदियों का दर्द है। उस दर्द को बाबा साहेब ने संविधान में उतारा और दलितों, वंचितों को समान अधिकार देने का काम किया। ऐसी महान हस्ती को हम सदैव नमन करते हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें नमन कर अपने संबोधन में कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने की, इस अवसर पर पार्टी के पुराने एवं बुजुर्ग कार्यकर्ताओं (सिपाहियों) बिशनदास चुटानी, स्नेहलता हुड्डा, आशा शर्मा को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूर्व सांसद राज बब्बर ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान की रचना करके आजाद भारत में सबको सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब को मानते हुए सिर्फ उनके चित्र पर मालाएं नहीं चढ़ानी, उनके दिखाए रास्ते पर भी चलना है। बाबा साहेब की शिक्षा को भी मानना है। अगर हम उनकी शिक्षाओं को नहीं मानते हैं तो हम संगठित नहीं हो सकते। संघर्ष नहीं कर सकते और उनके सिपाही नहीं बन सकते। हमें शोषित होने से भी कोई नहीं बचा सकता। हम उनके अनुयायी हैं तो उनके सिपाही भी बनना है। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के चौक-चौराहों पर बाबा साहेब की प्रतिमा को देखकर भी प्रेरणा लेना। उस प्रतिमा से यह संदेश लेना कि उनकी बगल में संविधान की किताब है, जो शिक्षित होने का संदेश देती है। वे एक हाथ से राह दिखाते हैं कि हर कोई शिक्षित हो। राज बब्बर ने कहा कि बाबा साहेब ने वह समय देखा जब उन्हें कुओं से पानी पीने का अधिकार नहीं था। इसके लिए उन्होंने महाड़ सत्याग्रह किया।

# बाबा साहब ने देश की आजादी व संविधान देकर आम आदमी को अधिकार दिलवाने का काम किया: नरेश शास्त्री

**फरीदाबाद।** भारत संविधान के निर्माता, कानून विद, समानता, संघर्ष एवं न्याय के अग्रदूत बाबा साहेब डॉ. भीम राव राम जी अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर भारत सहित पूरी दुनिया मे अनेको कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने दशहरा ग्राउंड में डॉ.अंबेडकर एकता मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी दबे, कुचले, शोषितों, पीड़ितों, दलितों, आदिवासियों, किसानों, श्रमिकों, महिलाओं को न्याय, समानता, बराबरी का अधिकार दिलाने वाले महानायक बताते हुए कहा कि अंबेडकर ने सदियों पुरानी गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का काम चुनौती भरी जिदंगी, शिक्षा के लिए जीवंत कठिन परिश्रम किया। बल्कि देश की आजादी के साथ-साथ देश को संविधान देकर आम आदमी को अधिकार दिलवाने का काम किया। शास्त्री ने कहा कि हम केवल बाबा साहब के जन्मदिन पर उनको स्मरण करने के लिए नहीं



बल्कि उनके द्वारा किए गए संघर्षो, बलिदान और शिक्षाओं को आत्म सात करना चाहिए। आज शहर में अनेक को कार्यक्रम हुए इन कार्यक्रमों में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। बीके चौक से अंबेडकर चौक तक सद्भाव पैदल यात्रा निकली गई जिसका आयोजन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा किया गया और दशहरा ग्राउंड में 50000 से ज्यादा अंबेडकरवादी लोगों द्वारा भव्य आयोजन कर समाज में शिक्षा का संचार, कुरीतियों का त्याग और सामाजिक, एकता, समरसता बनाने के लिए बोल दिया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर अंबेडकर एकता मंच के प्रधान शेर सिंह, राजकुमार वाल्मीकि, नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रधान करतार सिंह, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप बोहत आदि।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलजीत पुत्रः कीमा सिंह पताः मकान नं. 313, सरदार कॉलोनी, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली** ने case **FIR No. 541/2015 U/s 392/411/34 IPC, थानाः बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलजीत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 541/2015 U/s 392/411/34 IPC, थानाः बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बलजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 26.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
उत्तर जिला, रूम नं. 114
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4753/ON/2026 (Court Matter)


# पीड़ित अधिवक्ता ने प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को शिकायत की

## तूल पकड़ने लगा कोर्ट में अधिवक्ता से बदसलूकी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

4300 करोड़ के कथित धोखाधड़ी मामले के मास्टर माईंड आशीष भल्ला की जमानत के खिलाफ पैरवी कर रहे अधिवक्ता के साथ कोर्ट रूम में विद्वान न्यायाधीश के समक्ष बदसलूकी किए जाने का मामला अब तूल पकड़ रहा है। कोर्ट रूम में अधिवक्ता के साथ इस तरह बदसलूकी होने से कोर्ट में अधिवक्ताओं व गवाहों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है।

पीड़ित अधिवक्ता ने इस संदर्भ में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, चीफ जस्टिस ऑफ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, जिला एवं सत्र न्यायाधीश फरीदाबाद, डिप्टी डायरेक्टर ऑफ इनफोर्समेंट तथा दिल्ली पुलिस कमिश्नर को शिकायत की है। आरोपी आशीष भल्ला को ईडी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है तथा वह फिलहाल जेल में है। गौरतलब है कि आरोपी आशीष भल्ला ने डब्ल्यूटीसी कम्पनी के माध्यम से फरीदाबाद, ग्रेटर नोएडा, मोहाली पंजाब तथा गुजरात गिफ्ट सिटी के प्रोजेक्टों में एक हजार के करीब इन्वेस्टर्स से 4300 करोड़ की राशि लगवाई थी। बताया गया है कि तय समय पर प्रोजेक्ट पूरा न हो सका तथा इन्वेस्टर्स को उनकी राशि भी नहीं लौटाई गई। इस संदर्भ में आशीष भल्ला के खिलाफ फरीदाबाद, मोहाली, दिल्ली तथा गुजरात में 55 से ज्यादा मामले दर्ज करवाए है, जिसमें से 25 एफआईआर अकेले फरीदाबाद से संबंधित थे। ईडी ने कथित धोखाधड़ी के आरोपी आशीष भल्ला को 6 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर लिया था तथा तब से लेकर आज तक वह जेल में है। बताया गया है कि इस कथित धोखाधड़ी के आरोपी आशीष भल्ला की जमानत के लिए विगत 6 अप्रैल को फरीदाबाद कोर्ट में विद्वान न्यायाधीश सुधीर जीवन की अदालत में तारीख मुर्कर की गई थी। आरोपी आशीष भल्ला की तरफ से अधिवक्ता बहुली शर्मा पैरवी कर रही थी और अधिवक्ता राजेश बैंसला उन्हें सहयोग कर रहे हैं। बताया गया है कि 6 अप्रैल को विद्वान न्यायाधीश सुधीर जीवन कोर्ट रूम में मौजूद थे तथा अधिवक्ता बहुली शर्मा, राजेश बैंसला जमानत के लिए पैरवी कर रहे थे जबकि अधिवक्ता सत्य प्रकाश यादव जमानत के खिलाफ पैरवी कर रहे थे। दोनों अधिवक्ताओं के बीच मामला तब गर्माया जब अधिवक्ता सत्य प्रकाश यादव ने विद्वान न्यायाधीश को अधिवक्ता राजेश बैंसला द्वारा उन्हें कथित तौर पर फोन पर धमकाए जाने के संदर्भ में पैन ड्राईव और निवेशकों द्वारा हस्ताक्षरित कंप्लेंट पेश की, पेन ड्राइव में राजेश बैंसला और अधिवक्ता दीपिका की धमकी की रिकॉर्डिंग थी। अधिवक्ता सत्यप्रकाश यादव का कहना है कि छह अप्रैल से पहले उन्हें अधिवक्ता राजेश बैंसला और अधिवक्ता दीपिका द्वारा फोन पर जमानत के खिलाफ पेश होने से पहले उनसे आकर मिलने को कहा गया। अधिवक्ता सत्यप्रकाश यादव का कहना है कि राजेश बैंसला और अधिवक्ता दीपिका ने उन्हें जमानत का विरोध ना करने की चेतावनी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह विद्वान न्यायाधीश के समक्ष अपनी दलीलें पेश कर रहे थे तो एकाएक अधिवक्ता राजेश बैंसला और अधिवक्ता दीपिका ने उनके इन्वेस्टर्स को कोर्ट रूम से बाहर निकलवा दिया तथा अधिवक्ता की वर्दी में मौजूद 40-50 अधिवक्ताओं के साथ मिलकर उनके साथ बदसलूकी करने लग गए। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में एक ऑडियो किसी व्यक्ति ने बना ली जोकि पुरे वाकये का सीधा सबूत है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में वह दिल्ली बार को भी शिकायत करेंगे ताकि दिल्ली बार दिल्ली के अधिवक्ताओ की फरीदाबाद कोर्ट में सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील कुमार पुत्र** सूरज पाल सिंह **निवासी** मकान नं0 1076, गली नं0–9, लखपत कॉलोनी, भाग–2, जैतपुर, दिल्ली, **यहां भीः** ग्राम–हुसैनपुर, पोस्ट–रामगढ़ अतरौली, जिला–अलीगढ़ (उ0प्र0), ने **FIR No. 233/2022, U/S 27/61/85 NDPS Act, पुलिस स्टेशन जैतपुर, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 233/2022, U/S 27/61/85 NDPS Act, पुलिस स्टेशन जैतपुर, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.05.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11,
दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा नं0–09,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4900/SE/2026
(Court Matter)


*अरदास समाप्ति के बाद प्रसाद वितिरत किया गया, अध्यक्ष को गुरु गोविंद सिंह पुस्तक भेंट की*

# जिले में धूमधाम से मनाई गई बैसाखी, नेताओं ने टेका मत्था, सजाए गए गुरुद्वारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद





बैशाखी का पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास व परम्परागत तरीके से मनाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारों को विशेष रूप से सजाया गया था। साथ ही अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। बजरिया स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारे में 12अप्रैल से आरंभ हुए अखंड पाठ की सुबह समाप्ति हुई । उसके बाद सगुरु जस गायन किया गया।

उसके बाद एक बजे से लेकर दो बजे तक दिल्ली से आए महान कीर्तनीय भाई कोमल सिंह ने अपने साथियों के साथ गुरु जस गायन किया। आई हुई संगत को गुरु गोबिंद सिंह जी के बारे में और बैसाखी से संबंधित सारी बातें संगत को गुरबानी के द्वारा बताने का काम किया। दो बजे कीर्तन की समाप्ति के बाद अरदास हुई समाप्ति के बाद कड़ा प्रसाद वितरित किया गया आज गुरु घर में गुरुघर माथा टेकने वाले राजनीतिक लोगों में शहर विधायक संजीव शर्मा, राष्ट्रीय लोकदल की महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी प्रदेश सचिव ओडी त्यागी जी अपने साथियों के साथ पहुंचे आए हुए अतिथियों को गुरुधर की तरफ से मोमेंटो और सरोपा देकर सम्मानित किया रालोद नेता व गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया कि खालसा साजना दिवस सिख धर्म के लिए एक बहुत बड़ा पर्व होता है, जिस दिन सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह महाराज ने अलग अलग जाति के पांच लोगों को ऊंच नीच मे फर्क मिटाते हुए पाँच प्यारे बनाकर सिख धर्म की स्थापना की थी 14 अप्रैल को किसान भी अपनी खुशी का इजहार करते हुए बैसाखी मनाते हैं क्योंकि इस दिन फसल पक कर तैयार हो जाती है बैसाखी के साथ जोड़कर किसान खुशी मनाता है। कार्यक्रम का संचालन सचिव कुलविन्दर सिंह ओबेराय ने किया। मेहमानों का स्वागत गुरदारे के चेयरमैन सरदार हरमीत सिंह जी ने अपने साथियों के साथ किया। हरजिंदर सिंह काकु वीर जी जसमीत सिंह, अमन और जगमोहन कपूर ने हरपाल सिंह भुई ने अपने साथियों के साथ निभाई हमारे कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह मारवा और जसवीर सिंह मुंगे वीर ने कार्यक्रम में अपना विशेष सहयोग दिया। वहीं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर कही व सभी को शुभकामनाएं दी गुरु गोबिंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरुओं के आदर्शों पर चलकर ही देश व समाज की उन्नति की जा सकती है। सरदार एस पी सिंह ने भूपेन्द्र चौधरी व गगन सिंह अरोड़ा ने महानगर अध्यक्ष को सरोपा व साहेबे कमाल गुरु गोविंद सिंह पुस्तक भेंट की।


## मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड

CIN: L21093DL1992PLC116600
पंजीकृत कार्यालयः 15ए / 13, ऊपरी भूतल, पूर्वी पटेल नगर, नई दिल्ली–110008
कार्यालयः 9 कि.मि. स्टोन, नगीना रोड, बिजनौर, उत्तर प्रदेश– 246701
फोनः 011– 25886798,
वेबसाइटः www.mohitpaper.in, ईमेलः investorsmohitpaper@gmail.com

**शेयरधारकों को सूचना**

**(फिजिकल सिक्योरिटीज के ट्रांसफर और डीमटेरियलाइजेशन के लिए स्पेशल विंडो)**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026, ("सेबी परिपत्र") के अनुसार कंपनी के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि उन भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक विशेष विंडो खोली गई है, जिन्हें 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेचा / खरीदा गया था। यह विंडो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक, यानी एक वर्ष की अवधि के लिए खुली रहेगी।

शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि यह विशेष विंडो उन ट्रांसफर अनुरोधों के लिए भी उपलब्ध है, जो पहले जमा किए गए थे, लेकिन दस्तावेजों / प्रक्रिया में कमियों या किसी अन्य कारण से अस्वीकृत / वापस कर दिए गए थे या जिन पर कार्यवाई नहीं की गई थी।

इस प्रकार ट्रांसफर की गई सिक्योरिटीज को अनिवार्य रूप से ट्रांसफर पाने वाले के डीमैट खाते में जमा किया जाएगा और ट्रांसफर के रजिस्ट्रेशन की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए उन पर लॉक–इन लागू रहेगा। उक्त लॉक–इन अवधि के दौरान ऐसी सिक्योरिटीज को ट्रांसफर / लियन–मार्क / गिरवी नहीं रखा जा सकेगा। दस्तावेज जमा करने वाले (आवेदनकर्ता) के पास सिक्योरिटी का मूल प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है, और हमारे आरटीए के पास ट्रांसफर के लिए दस्तावेज जमा करते समय, उन्हें सिक्योरिटी के मूल प्रमाणपत्र के साथ–साथ ऊपर बताए गए सेबी सर्कुलर में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेज भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने होंगे।

कृपया ध्यान दें कि ट्रांसफरर और ट्रांसफरी के बीच विवादों वाले मामलों पर इस विंडो में विचार नहीं किया जाएगा और और इसे ट्रांसफरर और ट्रांसफरी द्वारा अदालत / एनसीएलटी प्रक्रिया के जरिए सुलझा सकते हैं। जो पात्र शेयरधारक इस मौके का फायदा उठाना चाहते हैं, उनसे रिक्वेस्ट है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसकर एजेंट (आरटीए) से संपर्क करेंरू एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबेल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट नंबर एनएच –2, एलएससी, सी –1 ब्लॉक, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 या ई–मेल आईडी delhi@in.mpms.mufg.com पर या कंपनी से investorsmohitpaper@gmail.com पर संपर्क करें।

योग्य शेयरहोल्डर्स से अनुरोध है कि वे अपनी ट्रांसफर रिक्वेस्ट 04 फरवरी, 2027 को या उससे पहले सभी मामलों में विधिवत पूर्ण करके जमा करें।

मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर / –
संदीप जैन
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00458048

तारीखः 14 अप्रैल, 2026
स्थानः बिजनौर

# सीएम योगी बोले- पश्चिम यूपी के लिए गेमचेंजर होगा दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को पश्चिमी यूपी के विकास के लिए अहम बताया। नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू इस परियोजना से कनेक्टिविटी सुधरेगी, उद्योग और रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे तथा क्षेत्रीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर बताते हुए कहा कि अब सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून की दूरी काफी कम समय में पूरी की जा सकेगी। सीएम ने कॉरिडोर के लोकार्पण को प्रदेश के विकास का ऐतिहासिक क्षण बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि सहारनपुर के वुडवर्क, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स और क्षेत्रीय किसानों के उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी से होते हुए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह परियोजना क्षेत्र में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करते हुए 'डबल इंजन' सरकार की विकास दृष्टि को साकार करती है।

## समाज को बांटने वाला नहीं कर सकता विकास

उत्तर प्रदेश में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के 180 किमी के भाग का किया जिक्र



### कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कर-कमलों से दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून कॉरिडोर का लोकार्पण होना प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले सभी जनपदवासियों को बधाई देते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व एनएचएआई के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के बन जाने से सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून तक का सफर तेजी से पूरा किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

**प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक होगी पहुंच**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर के माध्यम से सहारनपुर के वुडवर्क समेत शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ व बागपत में बनने वाले विभिन्न उत्पादों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। जैसे मेरठ स्पोर्ट्स गुड्स निर्माण का केंद्र है, यह क्षेत्र मेहनती अन्नदाता किसानों का है। सरकार इस क्षेत्र में गन्ना, फल-सब्जी व विभिन्न खाद्यान्न उत्पादन को आगे बढ़ा रही है। अब इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में इन सभी उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी के जरिए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने का एक उत्कृष्ट माध्यम प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नया भारत विकास, सुशासन और सेवा का जो मॉडल स्थापित कर रहा है, उसे हम इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के माध्यम से भी देख सकते हैं।

### विकास की रफ्तार और विरासत का संरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बाबा साहेब की पावन जयंती पर सहारनपुर वासियों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से यह कॉरिडोर प्राप्त हो रहा है। पहले यह मार्ग अत्यंत कठिन हुआ करता था। डाट काली मां के स्थान से जुड़ा यह मार्ग अक्सर अवरुद्ध हो जाता था। बरसात के दिनों में तो पूरा आवागमन ठप हो जाता था। देहरादून के लोग इधर नहीं आ पाते थे और सहारनपुर सहित अन्य जनपदों के लोग इस मार्ग से देहरादून नहीं पहुंच पाते थे। उन्हें हरिद्वार वाले मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। इसीलिए आज हम सब यहां प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए हैं। विकास की रफ्तार और विरासत का संरक्षण, दोनों को साथ लेकर डबल इंजन सरकार बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद बवाल



लखीमपुर। यहां बांकेगंज क्षेत्र बीआर आंबेडकर जयंती के दिन ही अराजक तत्वों द्वारा उनकी प्रतिमा तोड़े जाने के बाद हालात अचानक बिगड़ गए। इलाके में भारी आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते भीड़ उग्र हो उठी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटै और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### रांची में बर्थडे पार्टी में 'नशीला' पिज्जा खिला रेप



**रांची।** जिले के लालपुर थाना क्षेत्र से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां एमडीएस की तैयारी कर रही एक महिला डेंटिस्ट के साथ कथित तौर पर नशीला पदार्थ मिला पिज्जा खिलाकर दुष्कर्म किया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान दानिश के रूप में हुई है।

## बिहार के नए सीएम को लेकर सस्पेंस खत्म

# आरजेडी से जेडीयू तक में रहे सम्राट, लेकिन भाजपा में आकर बने बिहार के सियासी 'चौधरी'

एजेंसी ▶▶ पटना

नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह सम्राट चौधरी को बीजेपी विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। वह बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। सम्राट चौधरी न राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला से निकले हैं और न ही भाजपा से अपनी सियासी पारी की आगाज किया है। इसके बाद भी भाजपा की मिट्टी में सम्राट इस तरह फले फूले के बिहार के चौधरी बनकर उभरे हैं। राबड़ी देवी की आरजेडी सरकार में सम्राट सबसे युवा मंत्री रहे तो मांझी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बने, लेकिन सियासी बुलंदी भाजपा में मिली। भाजपा में आए हुए सम्राट चौधरी को सिर्फ 8 साल ही हुए हैं, लेकिन राजनीतिक पिच पर उन्होंने तमाम दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ दिया है।

### सियासत अपने पिता शकुनी चौधरी से विरासत में मिली



सम्राट चौधरी को सियासत अपने पिता शकुनी चौधरी से विरासत में मिली है। शकुनी चौधरी बिहार की राजनीति के दिग्गज नेता रहे हैं, जो कांग्रेस से लेकर समता पार्टी और आरजेडी तक में रहे। विधायक से लेकर सांसद तक का सफर तय किया, बिहार की सियासत में ओबीसी चेहरा माने जाते थे। सम्राट चौधरी अपने पिता शकुनी चौधरी के राजनीतिक ताकत के सहारे सियासी पिच पर उतरे और फिर पलटकर नहीं देखा।

### राबड़ी सरकार में सबसे युवा मंत्री

सम्राट चौधरी बिहार की राजनीति में एक प्रमुख भाजपा नेता हैं, जिन्होंने 1990 के दशक में आरजेडी से अपने सियासी सफर की शुरुआत की। दिग्गज नेता शकुनी चौधरी के बेटे, सम्राट 19 साल की उम्र में मंत्री बने थे। 1999 में राबड़ी देवी सरकार में सबसे युवा मंत्रियों में से एक बने, उनके पिता समता पार्टी छोड़कर लालू यादव के साथ आए थे। इसके बदले में लालू ने सम्राट चौधरी को एमएलसी बनाकर मंत्री बनाया था, लेकिन उम्र को लेकर सियासी विवाद छिड़ा, जिसके बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

### जेडीयू में एंट्री करते ही बने मंत्री

सम्राट चौधरी ने आरजेडी छोड़कर जेडीयू में शामिल हो गए। 2014 में नीतीश कुमार ने सीएम पद छोड़ा तो जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। सम्राट चौधरी बिहार में मांझी सरकार में कैबिनेट मंत्री बने। मांझी के बाद नीतीश दोबारा से सीएम बने तो सम्राट चौधरी को कैबिनेट में जगह नहीं मिल सकी। जेडीयू में बहुत ज्यादा राजनीतिक तवज्जे नहीं मिलने से सम्राट का नीतीश कुमार से सियासी मोहभंग हो गया, जिसके चलते उन्होंने जेडीयू को अलविदा कह दिया।

### भाजपा की मिट्टी में फले-फूले

जेडीयू छोड़ने के बाद सम्राट चौधरी ने साल 2018 में भाजपा का दामन थाम लिया। सम्राट चौधरी भले ही कई दलों से होते हुए भाजपा में आए हों, लेकिन उन्हें सियासी बुलंदी भाजपा में ही मिली है। भाजपा की मिट्टी में खूब फले फूले। 2017 में सम्राट चौधरी भाजपा में एंट्री करते हैं और आज प्रदेश भाजपा के नंबर वन पोजीशन पर विराजमान हो गए। 2019 में नित्यानंद राय जब प्रदेश अध्यक्ष थे तो सम्राट चौधरी को उपाध्यक्ष बनाया गया। सम्राट चौधरी भाजपा में शामिल हुए तो उस वक्त एनडीए की सरकार में उन्हें पंचायती राज मंत्री भी बनाया गया था। 2020 में भाजपा से विधान परिषद पहुंचते हैं। अगस्त 2022 में जब नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़कर आरजेडी के साथ महागठबंधन सरकार बनाई थी, तब सम्राट चौधरी को सियासी पहचान मिली। सम्राट चौधरी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने। साल 2023 में सम्राट चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने और इसके बाद नीतीश कुमार दोबारा से एनडीए में वापसी की तो डिप्टीसीएम की कुर्सी सौंप दी गई।

## नए सीएम पर प्रशांत किशोर की प्रतिक्रिया

# ऐसे व्यक्ति को सीएम बनाया जिसका चाल,चरित्र व चेहरा चर्चा का विषय

एजेंसी ▶▶ पटना



नए सीएम सम्राट चौधरी को लेकर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने भाजपा पर निशाना साधा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि ज्ञान की भूमि बिहार को चाल, चरित्र और चेहरा का दावा करने वाली भाजपा की यह पहली सौगात है। प्रशांत किशोर ने कहा, ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया है जिसका चाल, चरित्र और चेहरा तीनों चर्चा का विषय होना चाहिए, लेकिन, ये नई भाजपा है, इन्होंने दिखाया है कि अब बिहार को गुजरात से चलाया जाएगा।

## रोहिणी ने कसा तंज

# मुख्यमंत्री के लिए भाजपा को घूमंतु ही मिला, 46 साल बाद भी लीडरशिप नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना



पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर तंज कसा है। रोहिणी आचार्य ने कहा है कि भाजपा को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एक घुमंतू ही मिला। रोहिणी ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल पर कहा, 'अपनी स्थापना के 46 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिहार में भाजपा के पास लीडरशिप का ऐसा टोटा व सूखा है कि भाजपा न तो कभी अपने दम पर सरकार बना सकी, न ही कभी किसी विधानसभा चुनाव में अपना कोई मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित – प्रस्तुत कर सकी और ना ही व्यापक जनस्वीकार्यता व पहचान वाला एक नेता तैयार कर सकी।'

## पेज एक का शेष

### दिल्ली से देहरादून ...

ट्रांसपोर्ट और गाइड सेवाओं में सीधा राजस्व बढ़ेगा। इस मौके पर पीएम ने कहा कि राष्ट्र के भाग्य की रेखाएं हैं, सड़कें और हाईवे। इससे गाज़ियाबाद बागपत, बड़ोत, शामली और सहारनपुर जैसे अनेक शहरों को भी बहुत फायदा होगा। एक्सप्रेसवे में 113 अंडरपास, पांच रेलवे ओवरब्रिज, 76 किमी सर्विस रोड और 340 मीटर डाट काली टनल है।

### 2029 तक महिला ...

और ज्यादा इंतजार नहीं कर सकतीं। उनके अनुसार जब सदन में महिलाओं की आवाज बुलंद होगी, तो लोकतंत्र भी मजबूत होगा। संसद ने सितंबर 2023 में महिला आरक्षण कानून पास किया था। इसमें महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने का नियम है। पुराने नियमों के हिसाब से यह आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता। इसका कारण यह था कि आरक्षण को जनगणना और सीटों के नए सिरे से निर्धारण (परिसीमन) की प्रक्रिया से जोड़ा गया था। अब सरकार नियमों में संशोधन कर रही है ताकि इसे 2029 के चुनाव से ही लागू किया जा सके।

**273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी :** इन बदलावों के पास होने के बाद लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर 816 हो जाएंगी। इनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक कदम के लिए देश की करोड़ों महिलाओं से आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने महिलाओं से एक खास अपील भी की है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने क्षेत्र के सांसदों को पत्र लिखें। वे सांसदों को इस ऐतिहासिक सत्र में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर भी यह पत्र साझा किया है।

**पहले के हिसाब से 2034 में लागू हो पाता :** पुराने नियमों के हिसाब से यह आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता। इसका कारण यह था कि आरक्षण को जनगणना और सीटों के नए सिरे से निर्धारण (परिसीमन) की प्रक्रिया से जोड़ा गया था। अब सरकार नियमों में संशोधन कर रही है ताकि इसे 2029 के चुनाव से ही लागू किया जा सके।

### 'नीतीश युग' की...

प्रस्ताव को सभी ने सहमति के साथ अपना समर्थन दे दिया। 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इससे पहले नीतीश कुमार ने बिहार के सीएम पद से इस्तीफा दिया। नीतीश कुमार 16 मार्च को राज्यसभा के लिए चुने गए थे। उन्होंने 10 अप्रैल को राज्यसभा में संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। अब वे अपने आधिकारिक आवास 1, ऐनी मार्ग से 7, सर्कुलर रोड में जाएंगे।

**अब बिहार गुजरात से संचालित होगा: प्रशांत किशोर :** बिहार में नए मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब बिहार गुजरात से संचालित होगा। किशोर ने कहा कि ज्ञान की भूमि बिहार को 'चाल, चरित्र और चेहरा' का दावा करने वाली भाजपा की यह पहली सौगात है कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया गया है, जिसका चाल, चरित्र और चेहरा तीनों ही चर्चा का विषय होना चाहिए।

### 2030 तक के लिए...

'सात निश्चय-3' का गठन किया गया है। इससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी और बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। जेडीयू विधायक उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार जैसा नेता युग में एक बार ही पैदा होता है, ऐसे नेता की कमी हमेशा खलेगी। नीतीश कुमार का विकल्प न कभी था, न कभी होगा। उनके जैसा कोई नेता है ही नहीं।

### भारत में राजदूत रहे ...

उच्च-स्तरीय बर्खास्तगी है। अभी तक उनके पद पर की जाने वाली नई नियुक्ति के संबंध में भी चीन ने कोई घोषणा नहीं की है।

**एलएसी विवाद की वार्ताओं में शामिल रहे :** उधर, भारत के संदर्भ में वरिष्ठ राजनयिक वेइदोंग की बर्खास्तगी की चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि वो वही अधिकारी हैं। जिन्होंने वर्ष 2019 से लेकर 2022 तक नई दिल्ली में उस वक्त चीन के राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला था। जब दोनों देशों की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बड़ा विवाद चल रहा था। तनाव के मुश्किल वक्त में कई मौकों पर वेइदोंग दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत में भी शामिल हुए थे। उन्हें बीजिंग में दक्षिण-एशियाई मामलों के विशेषज्ञ के तौर पर भी देखा जाता है।

**नवंबर 2022 में बने थे उप-विदेश मंत्री :** भारत में बतौर राजनयिक अपनी सेवाएं पूरी करने के बाद सुन वेइदोंग 2022 में चीन वापस लौटे और उन्हें विदेश मंत्रालय में उप-विदेश मंत्री बनाया गया। पद से हटाए जाने से पहले बीते मार्च महीने में सुन वेइदोंग ने पाकिस्तान और ब्रुनेई के राजदूतों के साथ बातचीत की थी।

**राजनीतिक प्रणालियों के सम्मान की दरकार :** बताते चलें कि भारत में करीब 36 महीने के अपने लंबे राजनयिक कार्यकाल से मुक्त होने के बाद सुन वेइदोंग ने विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर से मुलाकात की थी। जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि दोनों देशों को अपनी-अपनी राजनीतिक प्रणालियों और विकास के मार्गों का सम्मान करना चाहिए। साथ ही एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने के सिद्धांत का भी पालन करने की आवश्यकता बताई थी। जबकि जयशंकर ने वेइदोंग को कहा था कि सीमाई इलाकों में शांति के लिए भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बनाए रखना जरूरी है।

### प्रधानमंत्री मोदी के साथ...

बनाने पर चर्चा की जाएगी। साथ ही साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी बातचीत की जाएगी। जिसमें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग का मुद्दा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह चांसलर स्टॉकर का न केवल भारत का पहला बल्कि एशिया का भी पहला दौरा है।

**राष्ट्रपति से होगी शिष्टाचार मुलाकात :** विदेश मंत्रालय ने अपने एक हालिया बयान में बताया था कि ऑस्ट्रिया के चांसलर अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। जबकि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की राष्ट्रपति स्टॉकर के साथ शिष्टाचार भेंट होगी। रणधीर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में पहली बार ऑस्ट्रिया की यात्रा की थी। जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की बीते करीब 41 वर्षों में की गई पहली ऑस्ट्रिया यात्रा थी। इस दौरान भी दोनों नेताओं के बीच हुई बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। जिसके बाद भारत, ऑस्ट्रिया के बीच उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की कवायद जारी है। जिसमें ऑस्ट्रिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया, म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई, बीते वर्ष 2025 में न्यूयॉर्क में हुए यूएनजीए सम्मेलन के दौरान भी दोनों विदेश मंत्री मिले। इसी क्रम में भारत-ऑस्ट्रिया के वित्त, वाणिज्य और पेट्रोलियम मंत्रियों के बीच भी वार्ताएं हो चुकी हैं। वर्तमान में भारत के 13 हजार 500 से ज्यादा नागरिक ऑस्ट्रिया में रहते हैं।

### राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा...

**सैन्य-नागरिक सहयोग मजबूत होना चाहिए :** उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष से लेकर शांतिकाल तक एक मजबूत सैन्य और नागरिक सहयोग की आवश्यकता है। जिसमें समूचे राष्ट्र की सोच को ध्यान में रखते हुए सर्वोत्कृष्ट परिणाम हासिल करने के लिए आगे बढ़ना जरूरी है। आत्मनिर्भरता के मामले में कैबिनेट सचिव ने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक सोच नहीं है। बल्कि एक राष्ट्रीय सोच-विचार है। जिसमें प्रत्येक क्षेत्र, संस्थान और देश का हर नागरिक एक आत्मनिर्भर और लचीले राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे रहा है।

**सेनाप्रमुख सहित मौजूद रहे शीर्ष कमांडर :** इस बार सम्मेलन में सेना ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सामरिक तैयारियों और संस्थागत समन्वय को मजबूत बनाने पर ध्यान दिया है। आयोजन में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के अलावा संभवतः सेना की कुल सात कमांड (उत्तरी, केंद्रीय, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिमी, प्रशिक्षण कमांड शामिल) के प्रमुख यानी शीर्ष कमांडर मौजूद रहे।

### अग्निवीरों को सीआईएसएफ...

चरण में खाली रह गई सीटें भी शामिल की जाएंगी। प्रस्तावित बदलावों में यह भी शामिल है कि पूर्व-अग्निवीरों को लिखित परीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) और शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी) से छूट दी जाएगी। इससे पहले, 16 मार्च 2023 को जारी एक अधिसूचना में पूर्व-अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी रिक्तियों को आरक्षित किया गया था, जिसमें उन्हें केवल पीएसटी से छूट दी गई थी।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब नवंबर 2022 में नौसेना में शामिल हुए लगभग 2,600 अग्निवीरों का पहला बैच इस वर्ष के अंत तक सेवा से निवृत्त होने वाला है। इसके बाद वे विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में भर्ती के पात्र हो जाएंगे।

अब तक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ही एकमात्र बल है जिसने सीएपीएफ के बीच पूर्व-अग्निवीरों के लिए 50 फीसदी आरक्षण की घोषणा की है, जबकि अन्य बल वर्तमान में 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान रखते हैं। इसके अलावा, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान सहित कुछ राज्य पुलिस बलों ने भी पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षण की घोषणा की है।

भारत सरकार ने 14 जून 2022 को सशस्त्र बलों में अल्पकालिक भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत सैनिकों की भर्ती चार वर्षों के लिए की जाती है, जिसमें से 25 फीसदी को आगे 15 वर्षों के लिए नियमित सेवा में बनाए रखने का प्रावधान है, जबकि शेष 75 फीसदी सैनिकों को सेवा समाप्ति के बाद अन्य अवसरों की तलाश करनी होती है।

इस प्रस्ताव को पूर्व-अग्निवीरों के पुनर्वास और उन्हें सुरक्षा बलों में रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### होर्मुज की नाकेबंदी के बीच...

**होर्मुज में ईरान का आर्थिक आतंकवाद :** सार ने यह भी कहा कि मैंने भारत के विदेश के साथ हुई चर्चा के दौरान उन्हें बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के आर्थिक आतंकवाद के जरिए नौवहन की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान के लिए कार्रवाई करने की आवश्यकता है। जो भारत के साथ दुनिया के सभी देशों और खाड़ी क्षेत्र के मित्रों के लिए नौवहन की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करे।

**भारतीय जहाजों से नहीं लेंगे कोई 'टोल': ईरान :** गौरतलब है कि होर्मुज की नाकेबंदी के मामले पर भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फताली ने दो टूक अंदाज में यह कह दिया है कि ईरान भारत के जहाजों से कोई टोल यानी शुल्क वसूल नहीं करेगा। इस तथ्य की पुष्टि भारत की सरकार के माध्यम से की जा सकती है। वह यह बता देंगे कि अभी तक तेहरान ने उनके जहाजों के होर्मुज से गुजरने पर कितना शुल्क वसूल किया है? फताली के मुताबिक, भारत के साथ ईरान के मित्रवत संबंध हैं और होर्मुज से उसके जहाजों की सुरक्षित आवाजाही होगी। वहीं, बीते दिनों में राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ताओं में केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा भी पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में यह साफ कर चुके हैं कि ईरान के समुद्र तट के करीब होर्मुज से भारतीयों जहाजों को गुजरने के लिए फिलहाल किसी तरह का कोई शुल्क नहीं वसूला जा रहा है। वैश्विक जलमार्गों से जहाजों की आवाजाही को अंतरराष्ट्रीय नौवहन व्यवस्था के तहत आगे बढ़ाया जाता है।

**लेबनान में इजरायली हमलों से चिंतित भारत :** इन सबके बीच भारत ने संघर्षविराम के बीच इजरायल द्वारा लेबनान पर किए गए हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि नागरिकों की सुरक्षा ही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना बेहद आवश्यकता है। उन्होंने कहा था कि लेबनान में भारतीय दूतावास देश के लोगों की सुरक्षा के लिए उनके निकट संपर्क में बना हुआ है।

## बोकारो वन भूमि घोटाला

# 50 हजार की जमीन 5.50 लाख में बेची ईडी ने कोर्ट में खोली फर्जीवाड़े की पोल

एजेंसी ▶▶ रांची




बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा में 103 एकड़ वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड हाई कोर्ट में दाखिल अपने शपथ पत्र में सनसनीखेज खुलासे किए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, इस पूरे खेल में 'उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी ने सरकारी सर्किल दर की धज्जियां उड़ाते हुए 11 गुना अधिक कीमत पर जमीन बेची और करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। ईडी की जांच में सामने आया कि तेतुलिया मौजा में जमीन की सरकारी सर्किल दर मात्र 50 हजार रुपये प्रति डिसमिल थी। इसके बावजूद, आरोपी कंपनी ने इसे 5 लाख 50 हजार रुपये प्रति डिसमिल की दर से 20 अलग-अलग खरीदारों को बेचा। एक उदाहरण देते हुए ईडी ने बताया कि बेबी देवी नामक खरीदार ने 5 डिसमिल जमीन के लिए सरकारी दस्तावेजों में केवल 2.5 लाख रुपये का भुगतान दिखाया, जबकि असल में कंपनी को 22 लाख 50 हजार रुपये दिए गए। यह घोषित मूल्य से 9 गुना अधिक था। इस घोटाले का सबसे हैरान करने वाला पहलू जमीन के मालिकाना हक का दावा है। जांच में सीआईडी और ईडी ने पाया कि इजहार हुसैन नामक व्यक्ति ने दावा किया था कि उसके दादा समीर महतो (समिरुद्दीन अंसारी) ने 20 सितंबर 1933 को नीलामी के जरिए यह जमीन हासिल की थी। दस्तावेजों की पड़ताल हुई तो पता चला कि समिरुद्दीन अंसारी की जन्मतिथि 26 मार्च 1924 थी। यानी जिस समय नीलामी हुई, वह केवल 9 साल 5 महीने के थे। कानूनन एक नाबालिग नीलामी प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकता। इस तथ्य ने दस्तावेजों के फर्जी होने की पुष्टि कर दी।

# बसपा ने आंबेडकर जयंती पर लखनऊ में दिखाई ताकत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ




बाबा साहेब डा.भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को उनके अनुयायियों का उत्साह अपने उत्कर्ष पर था। लखनऊ में गोमतीनगर स्थित डा.भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर सुबह से ही बसपाईयों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो रात तक जारी रहा। बसपा ने डॉ.आंबेडकर जयंती के माध्यम से विपक्षी दलों को अपनी ताकत व एकजुटता का एहसास कराया। प्रदेश के सभी जिलों से बसपा नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में परिवार के साथ पहुंचे और डा.अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। सामाजिक परिवर्तन स्थल के बाहर सजे मेले में बसपाईयों ने डॉ.आंबेडकर के चित्र व प्रतिमा के साथ ही पार्टी की प्रचार सामग्री की भी खरीदारी की। गीत-संगीत के कार्यक्रमों के बीच कार्यकर्ताओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। दिन में तेज धूप होने के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी पहुंचे। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल समेत अन्य वरिष्ठ नेता कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। पार्टी ने सभी 18 मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को इस बार परिवार समेत लखनऊ पहुंचने का निर्देश दिया था।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।



## लाइफ Style

# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजी: ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यून: पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने




अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया



है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल


# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।






**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :**
हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में मंथन

- विपक्ष पर फसल खरीद, बैंक फ्रॉड को लेकर हमला
- कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को हमेशा नजर अंदाज किया

# हरियाणा निकाय चुनाव के लिए भाजपा की रणनीति तैयार, पांच सदस्यीय कमेटी करेगी उम्मीदवारों का चयन

20 अप्रैल को उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला




चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश कार्यालय 'पंचकमल' में निकाय चुनाव के लिए स्ट्रैटेजी तैयार करते वरिष्ठ नेता।




चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बुके देकर स्वागत करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश कार्यालय 'पंचकमल' में मंगलवार को कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। लगभग दो घंटे तक चली कोर ग्रुप की बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम सहित पार्टी के जो कार्यक्रम हो चुके हैं और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सभी नेताओं ने होने वाले नगर निकाय चुनाव की रणनीति पर भी मंथन किया। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने संगठनात्मक विषयों को रखा। निकाय चुनाव के लिए पांच सदस्यीय कमेटी 15 और 16 अप्रैल को संबंधित क्षेत्रों में रायशुमारी कर रिपोर्ट तैयार करेगी। चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से फॉर्म लिए जाएंगे। 17 से 19 अप्रैल तक प्रत्येक वार्ड में कार्यकर्ताओं की बैठकें होंगी। 20 अप्रैल को चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में जनसंपर्क अभियान, सामाजिक कार्यक्रम और संगठनात्मक गतिविधियों को और गति दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल लाया जा रहा है और इसके लिए रणनीति तैयार की गई है। भाजपा का महिला मोर्चा इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बोले

## महिला सशक्तिकरण पर संसद का बड़ा फैसला जल्द

पंचकूला। वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन है। पार्टी संगठन की समय-समय पर बैठक होती है। इस क्रम में इसी कड़ी में आज बीजेपी कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक हुई है। हमारा संगठन हर समय किसी भी चुनाव के लिए तैयार रहता है, इसमें निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई है। बैठक में निकाय के चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं ने चिंतन मंथन किया है और जनता विकास को गति देने के लिए भाजपा के साथ में खड़ी है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा निकाय चुनाव में किस तरीके से किन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए और पार्टी के पदाधिकारी निकाय क्षेत्र में जाकर चुनाव प्रक्रिया से जुड़कर काम करें इसको लेकर विस्तार से चर्चा हुई है।

### उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा

पूर्व वित्तमंत्री और वरिष्ठ नेता ने कहा कि बैठक में उम्मीदवारों का चयन को लेकर भी चर्चा हुई है, भाजपा इकलौते पार्टी है, जिसका कार्यकर्ता बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक हर वक्त तैयार है। वर्तमान में जो भी निकाय चुनावों की घोषणा हुई है, उसमें भाजपा की जीत सौ फीसदी पक्की है।

### महिला हितों पर लगेगी मुहर

संसद जल्द ही महिला शक्ति के लिए एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक फैसला जल्द ही लेने जा रही है। कैप्टन अभिमन्यु ने विपक्ष पर जमकर निशान साधा और कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का अगर कोई नीतिगत विरोध है तो संसद में विपक्ष को अपनी बात चर्चा में रखनी चाहिए।

खबर संक्षेप

### मप्र विस की नवगठित समितियां सक्रिय, पहली बैठकों की तारीख तय

**भोपाल।** मप्र विधानसभा की नवगठित चार समितियां अब सक्रिय हो गई हैं और लंबित मामलों के निराकरण के लिए अपनी पहली बैठकों की तारीखें तय कर दी गई हैं। सबसे पहले शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति की बैठक 15 अप्रैल को होगी। इस बैठक में गृह, वन, पीएचई, उच्च शिक्षा और खाद्य विभाग के अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिवों को मौखिक साक्ष्य के लिए बुलाया गया है, जिससे लंबित आश्वासनों की प्रगति की समीक्षा की जा सके। इसके अलावा, याचिका एवं अभ्यावेदन समिति ने 22 अप्रैल को अपनी पहली बैठक निर्धारित की है। वहीं, पटल पर रखे गए पत्रों के परीक्षण से जुड़ी समिति 27 अप्रैल को बैठक करेगी। कृषि विकास समिति की पहली बैठक 28 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि 7 अप्रैल को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी नवगठित समितियों की संयुक्त बैठक बुलाई थी, जिसमें कार्य और प्राथमिकताओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए थे। इन बैठकों के साथ ही समितियों ने कामकाज की औपचारिक शुरुआत कर दी है, जिससे विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है।

### मुख्यमंत्री साय ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर किया नमन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके उत्थान के लिए समर्पित किया।

### प्रदेशभर में अपना दल (एस) ने मनाई महात्मा फुले की जयंती

**भोपाल।** अपना दल (एस) ने प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में महान भारतीय विचारक, लेखक और सामाजिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती धूमधाम से मनाई। राष्ट्रीय महासचिव सह मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल ने कहा कि फुले का जीवन संघर्ष और महिला शिक्षा के प्रति उनका समर्पण हमारे लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में इंदौर के पूर्व जिला अध्यक्ष टीकम चंद शर्मा भी उपस्थित रहे। सतना में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच मान सिंह बिसेन, डीपी पटेल व मनोज पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मऊगंज में अमृतलाल पटेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां राष्ट्रीय सचिव सूर्यभान सिंह मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। भोपाल में पूर्व प्रदेश पदाधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह के संरक्षण में जयंती समारोह का आयोजन हुआ, वहीं सागर जिले में मनीष सरवैया के नेतृत्व में पार्टी सदस्यों ने एकजुट होकर फुले के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। सिंगरौली में त्रिलोकी सिंह व राजेश पाल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लोक कल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए 19 हजार 810 करोड़ रुपए की स्वीकृति

# गैस पीड़ितों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिया गया 1,005 करोड़ का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मप्र सरकार भोपाल गैस त्रासदी से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए 5 साल में एक हजार 5 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करेगी। इस राशि से गैस त्रासदी के पीड़ितों का इलाज हो सकेगा। इसके साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य मदों से भी गैस पीड़ितों का इलाज हो सकेगा। कैबिनेट ने 19 हजार 810 करोड़ रुपए की मंजूरी भी प्रदान की है। कैबिनेट की बैठक सोमवार को डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। बैठक में आधा दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दी गई। इसमें भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को 31 मार्च 2031 तक निरंतर रखने के लिए लगभग 1,005 करोड़ रुपए का अनुमोदन दिया गया है। विकास कार्यों के लिए तकरीबन 19,810 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई परियोजना, महिला बाल विकास के कार्यों, नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों तथा कृषि विभाग के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी है।

- पीडब्ल्यूडी के लिए 10,801 करोड़, नए मेडिकल कॉलेज के लिए 1,674 करोड़ मंजूर
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं के लिए भी राशि



कैबिनेट की बैठक।

### विकास कार्यों के लिए 10,801 करोड़ रुपए

कैबिनेट ने लोक निर्माण के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10,801 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। इसके तहत बीओटी मार्गों का विकास एवं पर्यवेक्षण के लिए 150 करोड़ रुपए, बीओटी परियोजनाओं की समाप्ति पर भुगतान के लिए 765 करोड़ रुपए, एन्यूटी भुगतान के लिए 4,564 करोड़ सहित अन्य स्वीकृति।

### हस्तचलित, बैलचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान

प्रदेश में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन (एसएमएएम) के तहत कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने, ग्रामीण युवाओं के माध्यम से कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना करने, नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने और प्रदेश के वन पट्टाधारियों के लिए हस्तचलित, बैलचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए योजना आगामी 5 वर्षों के निरन्तर संचालन के लिए 2,250 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### संसद सत्र में पेश होगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सप्ताह महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक होगा। संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र 16 अप्रैल को आरंभ हो रहा है, जिसमें महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे देश की नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभा में 33% स्थान मिलना चाहिए। राज्य सरकार भी 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मना रही है। पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन होंगे, इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर नारी शक्ति पदयात्रा भी निकल जाएगी।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में दी।

सेवा का संगम है नर्मदे हर सेवा न्यास

## सेवा ही सच्ची साधना, यही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरकंटक में संचालित गौशाला के लिए अनुदान शुरू कराने, कथा-प्रवचन के लिए पर्यावरण हितैषी आधुनिक भवन का निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमरकंटक के हराभरा रहने से मध्यप्रदेश के गांव-गली-मोहल्लों में आनंद होगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान के जरिए मप्र सरकार और जन अभियान परिषद राज्य के सभी पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवन देने की चिंता कर रही है। प्रदेश में तीन माह (गुढ़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक) सभी जल स्त्रोतों का संरक्षण, जीर्णोद्धार किया जाएगा। मां नर्मदा का यह स्थान भी इसी से जुड़ा है।

डॉ. यादव ने सोमवार को 'श्री नर्मदे हर सेवा न्यास' के संस्थापक अध्यक्ष स्व. भगवत शरण माथुर की जयंती पर न्यास के मुख्यालय अमरकंटक में आयोजित विचार गोष्ठी सह श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नर्मदा परिक्रमा मार्ग को विकसित करते हुए परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं विकसित करने का संकल्प लिया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए नर्मदा नदी के किनारों पर अधिकाधिक पौध-रोपण किया जा रहा है।

आरोपी पेशे से ड्राइवर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर युवती से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के कसडोल थाना क्षेत्र में एक गंभीर आपराधिक मामले का खुलासा हुआ है, जहां सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने 11 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि कसडोल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वाहन चालक के पद पर कार्यरत सुरेंद्र टंडन ने उसे सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। इसी बहाने उसने पीड़िता को अपने झांसे में लिया और बाद में शादी का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान सुरेंद्र टंडन (36 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से सरसिंवा क्षेत्र के भिनोदा गांव का निवासी है और वर्तमान में कसडोल स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रह रहा था।

सिटी कोतवाली क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

## हेल्पर ने मालिक के घर से चुराई नकदी और सोने-चांदी के जेवर

एडवांस सैलरी, बोनस मिलने से बाजारों में खरीदारी का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़




जिला मुख्यालय में एक आइसक्रीम दुकान के हेल्पर ने अपने मालिक के घर से नकद और सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। यह घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

धनराज ओड ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वे कोष्टापारा इलाके में रहते हैं और आइसक्रीम बेचने का काम करते हैं। उन्होंने रायपुर निवासी ऋतिक कुमार उर्फ राहुल को मजदूरी पर रखा था। ऋतिक गौरीशंकर मंदिर के पास ठेले पर आइसक्रीम बेचता था। एक शाम धनराज पूंजीपथरा गए थे, तब उनके बेटे और ऋतिक दुकान पर थे। शाम करीब छह बजे बेटे ने फोन कर बताया कि ऋतिक घर की चाबी लेकर गया है। वह फ्रेश होने जाने का बहाना बनाकर गया था और वापस नहीं लौटा। इसके बाद धनराज ने अपने बेटे को घर भेजा।

### बिखरा पड़ा था घर का पूरा सामान

धनराज ने बेटे को घर भेजा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। ऋतिक घर में मौजूद नहीं था। धनराज ने स्वयं मौके पर पहुंचकर बैग चेक किया। बैग के अंदर रखा आधा किलो चांदी और सोने का मंगलसूत्र आधा तोला गायब था। चांदी का ब्रेसलेट दस तोला, चांदी की बिछिया चार तोला और चांदी की पायल पंद्रह तोला भी चोरी हो गई थी। लोहे के गल्ले में रखे 22 हजार रुपये और पर्स से सात हजार रुपये भी चोरी हुए थे। कुल मिलाकर लगभग 1.54 लाख रुपये की चोरी हुई थी। पीड़ित की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने ऋतिक कुमार उर्फ राहुल के खिलाफ धारा 306 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है।

अफसर करेंगे पीड़ित परिवार की मदद

## वनरक्षक मामले में आगे आई आईएफएस एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुरैना में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले वन रक्षक हरिकेश गुर्जर के परिवार को समय पर सरकारी सहायता नहीं मिलने का मामला सामने आया है। जहां एक ओर शासन स्तर पर आर्थिक मदद के स्पष्ट प्रावधान मौजूद हैं, वहीं दूसरी ओर वन विभाग की ओर से तत्काल राहत नहीं मिल सकी। ऐसे में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों ने स्वयं आगे आकर परिवार की मदद का बीड़ा उठाया है।

दरअसल, 8 अप्रैल को मुरैना जिले में रेत माफिया के ट्रैक्टर से कुचलकर वन रक्षक हरिकेश गुर्जर की मौत हो गई थी। घटना के बाद वन कर्मचारियों ने मृतक के परिजनों को तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता देने की मांग की, लेकिन विभागीय स्तर पर प्रावधान की जानकारी नहीं होने के कारण यह मदद जारी नहीं हो सकी।

इधर, भारतीय वन सेवा संघ के अध्यक्ष एचएस मोहंता ने मृतक वन रक्षक के परिवार की मदद के लिए अपील जारी की है। उन्होंने हरिकेश गुर्जर की पत्नी लवली गुर्जर के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते की जानकारी साझा करते हुए अधिकारियों और आमजन से सीधे आर्थिक सहयोग करने की अपील की है।

मोहंता ने कहा कि आईएफएस अधिकारी निजी स्तर पर भी आर्थिक सहायता जुटा रहे हैं और विभागीय प्रक्रिया को तेज कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द राहत मिल सके।

प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को बना रही मजबूत

राजनीतिक प्रतिनिधित्व के साथ महिलाओं को मिलेगी सामाजिक पहचान भी

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम: जमीनी हकीकत से राष्ट्रीय सशक्तिकरण तक बदलाव की उम्मीद

▶▶| आरती शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार






भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी लंबे समय से चर्चा का विषय रही है, लेकिन अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में एक ऐसा प्रयास सामने आया है, जो इस दिशा में ठोस बदलाव की उम्मीद जगाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल को यदि जमीनी स्तर पर परखा जाए, तो इसका वास्तविक महत्व स्पष्ट रूप से समझ में आता है।

पिछले 25 वर्षों के अपने पत्रकारिता जीवन में मैंने समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर ग्रामीण भारत को बेहद करीब से देखा है। मध्य प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था के तहत महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किया गया था। कागजों पर यह व्यवस्था सशक्तिकरण की मजबूत तस्वीर पेश करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार इससे अलग नजर आती है। आज भी अनेक स्थानों पर निर्वाचित महिला सरपंचों की जगह उनके पति, जिन्हें आम बोलचाल में 'सरपंच पति' कहा जाता है, निर्णय लेते दिखाई देते हैं। यह मेरा व्यक्तिगत मत है कि आधी आबादी को केवल आरक्षण देना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक सशक्तिकरण के लिए सामाजिक सोच में बदलाव, आत्मविश्वास का निर्माण और महिलाओं को वित्तीय एवं स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता देना भी उतना ही आवश्यक है। मध्य प्रदेश में वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को मजबूती देने की दिशा में कार्य करती नजर आती है।

### लाड़ली बहना योजना से सक्षम बन रही महिलाएं

'लाड़ली बहना योजना' के तहत प्रतिमाह महिलाओं के खातों में पहुंचने वाली राशि उन्हें अपने वित्तीय अधिकारों के प्रति जागरूक और सक्षम बना रही है। ऐसी स्थिति में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यापक और दूरगामी पहल के रूप में सामने आता है। यह कानून महिलाओं को केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व ही नहीं देगा, बल्कि उन्हें हर स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने का अवसर भी प्रदान करेगा। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएंगी, तो नीतियों में उनकी संवेदनशीलता और दृष्टिकोण स्वाभाविक रूप से परिलक्षित होंगे। यह अधिनियम महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और वित्तीय मजबूती प्रदान करेगा। निर्णय प्रक्रिया में उनकी बढ़ती भागीदारी से उनका आत्मबल सुदृढ़ होगा। यह परिवर्तन केवल महिलाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे समाज को संतुलित और विकास की दिशा में आगे बढ़ाएगा। मेरे अनुभव में, जब भी महिलाओं को सही अवसर और मंच मिला है, उन्होंने अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे में 33% आरक्षण केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व की नई पहचान है। यह पहल उन्हें आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत आधार प्रदान करेगी।

## चिंतन

# बिहार : भाजपा के सामने बेहतर करने की चुनौती

बिहार में आखिरकार वह चिर अभिलषित क्षण आ ही गया, जब भाजपा पहली बार सत्ता की कुर्सी संभालने जा रही है। यह पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण हो सकता है। इसके साथ ही भाजपा के लिए चुनौती खुद नीतीश कुमार ही होंगे, क्योंकि नीतीश ने पिछले 20 सालों में बिहार को जिस जंगलराज से निकाला और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया, वह भाजपा को लगातार चुनौती देता रहेगा। अब तक नीतीश के काम की तुलना लालू के जंगलराज से होती रही है और उनका थोड़ा सा काम ही बहुत आगे दिखता था, लेकिन अब भाजपा के काम की तुलना नीतीश के सुशासन से होगी। इसलिए अब भाजपा के सामने अच्छे को और बेहतर करने की चुनौती होगी। वहीं, जातिगत समीकरण खासकर कुर्मी समुदाय को साधना सबसे बड़ी चुनौती होगी। देखा जाए तो बिहार की राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर सत्ता की बागडोर संभालने जा रही है और सम्राट चौधरी के रूप में नया नेतृत्व सामने है। यह क्षण सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि राजनीतिक नैरेटिव के बदलने का भी है। अब तक भाजपा सहयोगी की भूमिका में थी, लेकिन अब उसे नेतृत्व करना है और यही उसकी सबसे बड़ी परीक्षा भी होगी। सबसे अहम बात यह है कि भाजपा की असली चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि नीतीश कुमार की विरासत है। भाजपा के सामने अब 'कम बुरा' नहीं, बल्कि 'बेहतर से भी बेहतर' साबित करने की चुनौती है। नीतीश कुमार के इस्तीफे और नई सरकार को समर्थन देने के बयान ने राजनीतिक संक्रमण को सहज बना दिया है, लेकिन इससे भाजपा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सहयोगी से नेतृत्वकर्ता बनने की यात्रा में अपेक्षाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। अब जनता सिर्फ स्थिरता नहीं, बल्कि तेज़ और दिखने वाला विकास चाहती है। सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रशासनिक निरंतरता और नवाचार के बीच संतुलन बनाने की होगी। बिहार जैसे राज्य में जहां अभी भी बुनियादी ढांचे, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम बाकी हैं, वहां केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम देने होंगे। एक और अहम पहलू है राजनीतिक परिपक्वता। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार की राजनीति केवल विचारधारा से नहीं, बल्कि सामाजिक समीकरणों और जमीनी संवेदनशीलता से भी संचालित होती है। यहां हर निर्णय का असर व्यापक सामाजिक ढांचे पर पड़ता है। ऐसे में जल्दबाजी या अति-आत्मविश्वास नुकसानदेह हो सकता है। साथ ही, केंद्र और राज्य के तालमेल का फायदा उठाने का यह उपयुक्त समय है। अगर सही रणनीति अपनाई जाए तो इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और निवेश के क्षेत्र में बिहार नई छलांग लगा सकता है। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता भी जरूरी होगी। इस बदलाव का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि अब तुलना 'जंगलराज बनाम सुशासन' से आगे बढ़कर 'सुशासन बनाम बेहतर सुशासन' की होगी। इसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा। अंततः, यह बदलाव भाजपा के लिए अवसर भी है और परीक्षा भी। अवसर इसलिए कि वह अपनी नीतियों और नेतृत्व को साबित कर सके और परीक्षा इसलिए कि उसे पहले से स्थापित मानकों से ऊपर उठकर दिखाना होगा। अगर भाजपा इस कसौटी पर खरी उतरती है, तो यह न सिर्फ उसके लिए, बल्कि बिहार के लिए भी एक नए युग की शुरुआत होगी। अगर वह अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो यही ऐतिहासिक मौका एक बड़ी राजनीतिक चुनौती में बदल सकता है।

## जनगणना

रमेश जायभाये



# 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ तैयार

क्या आपने कभी सोचा है कि आपके घर की छोटी-सी जानकारी-जैसे पानी, बिजली या परिवार के सदस्यों का विवरण-देश के विकास में कितना बड़ा योगदान दे सकती है? दरअसल, हर नागरिक की दी गई जानकारी मिलकर ही भारत के भविष्य की दिशा तय करती है। इसी कड़ी में वर्ष 2027 की जनगणना एक खास पड़ाव बनने जा रही है। यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि बदलते भारत की एक नई कहानी है-एक ऐसी कहानी जिसमें हर नागरिक की भागीदारी है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल अंदाज़ में होगी, जो इसे पहले की सभी जनगणनाओं से अलग और अधिक आधुनिक बनाती है। छत्तीसगढ़ में इस महाअभियान को लेकर तैयारियाँ तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। वातावरण ऐसा है मानो कोई बड़ा जनउत्सव आने वाला हो-और वास्तव में, यह एक ऐसा अभियान है जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

***कहानी शुरू होती है इतिहास से :*** भारत में जनगणना की शुरुआत 1872 में हुई थी और 1881 से इसे पूरे देश में व्यवस्थित रूप से लागू किया गया। स्वतंत्रता के बाद 1951 में पहली जनगणना आयोजित हुई, जिसने देश के विकास की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाई। अब वर्ष 2027 की जनगणना इस ऐतिहासिक यात्रा का आधुनिक रूप है। यह न केवल देश की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी तैयार करेगी। छत्तीसगढ़ में यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी-पहला चरण अप्रैल-मई 2026 में और दूसरा फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित किया जाएगा। राज्य के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 (रात 12 बजे) निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।

***अब आपकी बारी: खुद करें अपनी जनगणना!*** - इस बार जनगणना की सबसे रोचक और उपयोगी सुविधा है-स्व-गणना (**Self-Enumeration**)।

अब आप स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच **https://se.census.gov.in** पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आपसे परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी आयु, शिक्षा, व्यवसाय और घर की सुविधाओं से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद आपको एक **SE ID** प्राप्त होगी। जब प्रगणक आपके घर आएंगे, तो केवल यह **ID** दिखानी होगी और आपकी जानकारी सत्यापित कर ली जाएगी-यानी बार-बार जानकारी देने की आवश्यकता नहीं होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ दिखाने की आवश्यकता नहीं होती। आप जो जानकारी देंगे, वही दर्ज की जाएगी। स्व-गणना के प्रति लोगों का रुझान भी तेजी से बढ़ रहा है- देशभर में लाखों परिवार इस सुविधा का उपयोग कर चुके हैं, जो इस डिजिटल पहल की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।

***स्मार्ट तकनीक, सटीक आंकड़े और भरोसेमंद प्रक्रिया :*** इस बार जनगणना पूरी तरह तकनीक के सहारे संचालित होगी। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज करेंगे, जिससे काम तेज़ और अधिक सटीक होगा। साथ ही, आधुनिक **GIS** आधारित डिजिटल मैपिंग का उपयोग कर हर क्षेत्र और गणना ब्लॉक को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा रहा है, ताकि कोई भी घर या व्यक्ति छूट न जाए। डेटा के बेहतर प्रबंधन और निगरानी के लिए उन्नत डिजिटल सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहती है। एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, इस बार जाति संबंधी आंकड़ों का भी समावेश किया जाएगा, जो दशकों बाद समाज की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करेगा। जनगणना में समाज के हर वर्ग को शामिल करने का विशेष ध्यान रखा जाता है।

इसी के तहत बेघर व्यक्तियों की गणना भी अलग से, विशेष अभियान के माध्यम से की जाती है, ताकि कोई भी नागरिक इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। और जहाँ तक आपकी जानकारी की सुरक्षा का सवाल है-यह पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसे किसी अन्य विभाग या एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जाता।

***छत्तीसगढ़ तैयार, अब आपकी भागीदारी जरूरी :*** छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियाँ की गई हैं। शहरों से लेकर गाँवों तक, हर क्षेत्र में जनगणना टीम सक्रिय रहेगी, ताकि कोई भी परिवार छूट न जाए। नागरिकों की सुविधा के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया गया है, जहां किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त की जा सकती है। लेकिन इस पूरे अभियान की असली ताकत है-आपकी भागीदारी। जब आप सही जानकारी देते हैं, तो आप केवल एक फॉर्म नहीं भरते, बल्कि अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देते हैं। आपकी दी गई जानकारी से ही तय होता है कि कहां नई सड़क बनेगी, कहाँ स्कूल खुलेगा और कहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत है।

*-उपनिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय*



## चिकित्सा सेवा

जेपी नड्डा

# नवाचार की ओर बढ़ती औषधि रणनीति

लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

भारत की औषधि रणनीति पैमाने से नवाचार की ओर बढ़ रही है, ताकि देश को बायोफार्मा और उच्च-मूल्य वाले चिकित्सा विज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गई है। लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

यह विज़न गहरी वैज्ञानिक क्षमताओं के निर्माण, नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की दवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सक्षम बनाने पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और उन्नत चिकित्सीय क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को गति देना है। यह कार्यक्रम औषधि विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मौजूदा पहलों का पूरक है, जैसे फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना (पीआरआईपी), अनुसंधान विकास और नवाचार योजना, बायोनेस्ट आदि, जिनका उद्देश्य जैव- औषधि समेत जीवन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है। ये पहलें भारत के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करने, उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जेनेरिक दवाओं से नवाचार संचालित दवा अनुसंधान और विकास की ओर बदलाव को सक्षम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ किण्वन-आधारित निर्माण क्षमताओं का विकास करना है। एंटीबायोटिक, वैक्सीन, एंज़ाइम और बायोलॉजिक्स के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह क्षेत्र लंबे समय से आयात पर निर्भर रहा है।

अवसंरचना में निवेश करके, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाकर तथा लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करके, भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में घरेलू क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। भारत के नैदानिक अनुसंधान इकोसिस्टम का विस्तार भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

1,000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोग केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो वैश्विक दवा विकास गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को बेहतर बनाएंगे। अपनी लागत लाभ और कुशल शोधकर्ताओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक



प्रयोग के लिए असाधारण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, नियामक व्यवस्था को मजबूत करने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने से भारत की मौजूदा व्यवस्था वैश्विक मानकों के अधिक अनुरूप होगी, जिससे तेज अनुमोदन संभव होंगे और वैश्विक हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पीएलआई और थोक दवा (बल्क ड्रग) पार्क योजनाओं के सहारे सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और मुख्य आरंभिक सामग्रियों (केएसएम) के स्थानीय उत्पादन में तेज़ी से प्रगति हुई है। इससे देश में दवाओं की कीमतें घटाने में मदद मिली है, जो विश्व स्तर पर सबसे कम कीमतों में से एक है और इसके कारण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत किफायती बनी रहती है।

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है, जिसके तहत 19,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र लाखों लोगों की सेवा कर रहे हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाओं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं पर सीमा-शुल्क को सुव्यवस्थित करने जैसे पूरक उपायजीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच को और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं अधिक व्यापक होंगी, किफायती दर और समान पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय नीति की प्राथमिकता बनी रहेगी। जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है।


सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं। नियामक समन्वय, अनुमोदन प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और तेजी से मंजूरी जैसे प्रयास व्यापार करने में आसानी को बढ़ा रहे हैं। गुणवत्ता मानकों और नियामक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने से भारतीय औषधि उत्पादों पर वैश्विक विश्वास की निरंतरता सुनिश्चित होती है। हालांकि, आरएंडडी निवेश बढ़ाना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसका समाधान करने के लिए, सार्वजनिक-निजी सहयोग को मजबूती देना आवश्यक होगा, ताकि दीर्घकालिक नवाचार को बनाए रहा जा सके। नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगतिऔर बाजार का आपसी समन्वय; औषधि क्षेत्र के लिए विकास का एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। भारत का घरेलू बाजार, जिसका मूल्य पहले से ही 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, निरंतर विस्तार के लिए तैयार है। अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है।

निष्कर्ष के तौर पर, भारत का औषधि क्षेत्र नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो नवाचार, सुदृढ़ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा द्वारा परिभाषित होता है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम जैसी पहलों, नैदानिक अवसंरचना के विस्तार और लक्षित निर्माण प्रोत्साहनों के समर्थन से, भारत धीरे-धीरे मात्रा-संचालित जेनेरिक दवा केंद्र से उच्च-मूल्य वाले बायोफार्मा नवाचार अग्रणी देश की ओर आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल में भारत की भूमिका को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न,विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्यों को हासिल करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी




संकलित

## दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# पांच मिनट का जीवन



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बाल तस्करी पर कठोरतम कानून की आवश्यकता

देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आ रही बाल तस्करी की घटनाएँ समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी हैं। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के 163 बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना इसी चिंता का एक बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपितों का दावा था कि वे बच्चों को उनके अभिभावकों की सहमति से मदरसों में शिक्षा के लिए ले जा रहे थे, किंतु जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को एक साथ दूरस्थ स्थानों पर ले जाया जा रहा था, उसने प्रशासन को संदेह करने के लिए विवश कर दिया। यह घटना केवल एक मामला नहीं है, बल्कि उस गहरी समस्या का संकेत है, जो देश के कई हिस्सों में वर्षों से पनप रही है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# नेपाल में नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ

नेपाल में मंगलवार को विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। बैसाख 1, जिसे बैसाख संक्रांति भी कहा जाता है, विक्रम संवत (बीएस) कैलेंडर के वर्ष परिवर्तन का प्रतीक है, जो सौर गति पर आधारित सबसे प्राचीन कैलेंडरों में से एक है। इस अवसर पर लोग मंदिरों में दर्शन करते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र ने कहा, 'नव वर्ष 2083 के शुभारंभ के अवसर पर मैं सभी को सुख, शांति और समृद्धि की शुभकामनाएं देता हूं।' राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अपने नव वर्ष संदेश में देश के लोगों से साझा राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। 'हिमालयन टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार उपराष्ट्रपति रामसहाय प्रसाद यादव ने भी लोगों को शुभकामनाएं दीं और देशवासियों से नव वर्ष का उपयोग सकारात्मक सोच, अनुशासन और भाईचारे को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में करने का आग्रह किया।



## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण

यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियां विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।




## ट्रेंड

### बिहार का विकास

सम्राट चौधरी के बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में बिहार के विकास का संकल्प और मजबूत होगा।

**- राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री



### अधिकारों का हनन

डॉ. आंबेडकर ने हमें सिर्फ संविधान ही नहीं, बल्कि न्याय, समानता और गरिमा पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना भी दिया। आज कुछ ताकतें उनकी विरासत और हमारे संविधान को कमजोर करने के लिए सुनियोजित रूप से काम कर रही हैं, अधिकारों का हनन हो रहा है।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस



### वाटर एटीएम

शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में आज शुरू किए गए इन वाटर एटीएम से स्वच्छ पेयजल की सुविधा हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचेगी। वाटर एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 20 लीटर शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



### आंबेडकर ई-पुस्तकालय

राज्य के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 200 आंबेडकर ई-पुस्तकालयों और जयपुर में आवासीय कोचिंग केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। यह पहल हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी।

**- भजनलाल शर्मा,** सीएम, राजस्थान



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# महिलाओं को 3 गैस सिलेंडर मुफ्त के साथ ब्याज-मुक्त लोन दिया जाएगा साथ ही हर माह 2,000 रुपए भी दिए जाएंगे, '3सी' हटाने का किया वादा

## तमिलनाडु के लिए भाजपा ने घोषणापत्र जारी किया, सभी वर्गों को साधने की कोशिश की



केंद्रीय मंत्री नड्डा और अन्नामलाई ने किया जारी

राज्य के विकास के लिए '3सी' (करप्शन, कलेक्शन और कमीशन) खत्म करने का वादा



घोषणा पत्र जारी करते केंद्रीय मंत्रीनड्डा और अन्नामलाई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भाजपा ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र (संकल्प पत्र) जारी कर दिया है। मंगलवार को एक भव्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई की उपस्थिति में इसे लॉन्च किया गया। इसमें राज्य के विकास के लिए '3सी' (करप्शन, कलेक्शन और कमीशन) को खत्म करने का वादा किया गया है। पार्टी ने मुख्य रूप से महिलाओं, किसानों, युवाओं और मछुआरों को ध्यान में रखते हुए कई लोक-लुभावन और बुनियादी सुधारों के वादे किए हैं। इसके साथ ही भाजपा ने सभी वर्गों को साधने की कोशिश की है। इसमें युवाओं से लेकर वृद्धों को भी सुविधाएं देने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही पेशन देने की भी बात की है। सबसे अंत में चमिलनाडु की स्टालिन सरकार पर बड़े- बड़े आरोपों की बौछार भी की ।

### डीएमके सरकार पर बोला तीखा हमला

घोषणापत्र जारी करते हुए जनड्डा ने सत्तारूढ़ डीएमके पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु, जो कभी दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना और देश की सांस्कृतिक राजधानी हुआ करता था, उसे डीएमके ने 'क्राइम कैपिटल' में बदल दिया है। नड्डा ने स्टालिन सरकार को परिवारवाद की सरकार बताते हुए कहा कि यह पार्टी भ्रष्टाचार के संरक्षकों की टोली बन गई है। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा का उद्देश्य राज्य को विकास की मुख्यधारा में वापस लाना और कानून व्यवस्था बनाना है।

### दुर्गापुर में शाह के रोड शो के बाद बवाल

## भाजपा-टीएमसी की हिंसक झड़प में कई लोग घायल

दुर्गापुर में अमित शाह के रोड शो के समाप्त होते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। बांकुड़ा मोड़ इलाके में तृणमूल



कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी से शुरू होकर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। स्थिति तेजी से बिगड़ गई और दोनों पक्षों के कम से कम दो कार्यकर्ता घायल हो गए। घायलों को रक्तरंजित अवस्था में दुर्गापुर महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सीएम ममता ने साधा निशाना

## योगी बाबू सुन लीजिए, बंगाल में बुलडोजर नहीं चलता

**पिंगला।** बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार जारी है। इस बीच ममता ने पिंगला में जनता को संबोधित करते हुए योगी



आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में बुलडोजर नहीं चलता है बल्कि यहां पर लोग सलाम, प्रणाम और जय हिंद कहते हैं। आजकल उत्तर प्रदेश जल रहा है। योगी बाबू यहां आकर भाषण देते हैं और कहते हैं कि बंगाल में बुलडोजर चलते रहेंगे। यहां से जब लड़के-लड़कियां भाजपा शासित राज्य में जाते हैं, तो उन्हें मार दिया जाता है। उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। जब वे बंगाली बोलते हैं, तो उन्हें घुसपैठिया कहा जाता है। उनका बदला लोकतंत्र के बैलेट बॉक्स में लिया जाएगा। परिसीमन विधेयक आपको टुकड़ों में काट देगा।

## विजय की चुनावी रैली में शादी की फोटो लेकर पहुंचा फैन

**चेन्नई।** सुपरस्टार थलापति विजय तमिलनाडु में प्रचार कर रहे हैं। इस बीच विजय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स को उन्हें उनकी और संगीता की शादी की फोटो भेंट करते देखा जा सकता है। फोटो में संगीता और विजय के साथ विजयकांत भी दिखाई दे रहे हैं। इस पर विजय का रिएक्शन भी चर्चा में है, क्योंकि ये घटना तब घटी है जब विजय का संगीता से तलाक होने जा रहा है।



### मालदा में रैली में राहुल ने प्रधानमंत्री को घेरा

## भाजपा-संघ की नफरतभरी विचारधारा लोकतंत्र को खत्म कर रही

**मालदा।** बंगाल चुनाव के प्रचार के लिए रायगंज और मालदा पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री , भाजपा, आरएसएस और टीएमसी पर निशाना साधा। रायगंज में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की नफरत भरी विचारधारा देश के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

### 'मोदानी' कंपनी बताया

राहुल ने कहा कि पीएम उनसे आंखें नहीं मिला सकते। आरोप लगाते हुए कहा पीएमका कंट्रोल डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इस डील से भारत के लघु और मध्यम उद्योग बंद हो जाएंगे, किसानों को भी भारी नुकसान होगा और देश में बड़े स्तर पर बेरोजगारी बढ़ेगी। राहुल ने प्रधानमंत्री को देशद्रोही करार दिया। राहुल ने कहा, भाजपा ने एक ऐसा सिस्टम बनाया है।

### भाजपा की प्रमुख घोषणाएं

#### महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा

- परिवार की महिला मुखियाओं के लिए 2,000 रुपए प्रति माह की वित्तीय सहायता
- प्रत्येक घर के लिए 10,000 रुपए की बिना शर्त आर्थिक मदद
- प्रमुख त्योहारों के दौरान सालाना 3 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर
- इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने के लिए महिलाओं को 25,000 रुपए की सब्सिडी
- महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'जीरो एफआईआर' रिपोर्टिंग, फास्ट ट्रैक कोर्ट और बसों/स्कूलों में 100% सीसीटीवी कवरेज

#### किसानों और मछुआरों के लिए राहत

- पीएम किसान योजना में 3,000 रुपए का टॉप-अप, जिससे कुल वार्षिक सहायता 9,000 रुपए हो गी
- पशुपालन और पोल्ट्री फार्मिंग शुरू करने के लिए छोटे किसानों को 50,000 रुपए का एकमुश्त अनुदान
- मछुआरों के लिए वार्षिक अनुदान 8,000 से बढ़ाकर 12,000 रुपए करने का वादा
- 80 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक मछुआरे के लिए 2,000 रुपए मासिक पेंशन
- कृषि मशीनरी बैंक की स्थापना और ट्रैक्टरों पर भारी सब्सिडी

#### युवा और रोजगार

- पहली बार व्यवसाय शुरू करने वाले युवाओं के लिए 15 लाख रुपए तक का बिना ब्याज के लोन
- बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर और परिवहन क्षेत्र में विस्तार के जरिए लाखों नए रोजगार के अवसर
- राज्य में नशीली दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए एक समर्पित 'एंटी-नारकोटिक्स विंग' का गठन

#### बुनियादी ढांचा और शासन

- पूरे राज्य में रेलवे कनेक्टिविटी और सड़कों का बड़े पैमाने पर अपग्रेडेशन
- महिला संचालित स्वयं सहायता समूहों से सरकारी खरीद को प्राथमिकता
- सरकारी सेवाओं में सुधार और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी प्रशासन व्यवस्था को दुरुस्त करना है।

### खबर संक्षेप

## ओडिशा में मिड-डे मील 100 बीमार, 1 की मौत

**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले से एक दिल दहला देने वाली



खबर है। यहां एक सरकारी आदिवासी आवासीय स्कूल में दोपहर का भोजन करने के बाद 100 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान 5 वीं कक्षा की एक छात्रा रूपाली बेसरा ने दम तोड़ दिया। पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## पिकअप से कार की टक्कर, 4 की मौत

**बाड़मेर।** जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने



आया है, जहां कार और पिकअप गाड़ी के बीच हुई भीषण भिड़ंत में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गाड़ी का सामान सड़क पर बिखर गया।

## कासगंज में आंबेडकर शोभायात्रा पर 2 पक्ष भिड़े

**कासगंज।** यहां के सहावर कोतवाली के गांव चहक गुनार में डॉ. भीमराव आंबेडकर शोभायात्रा निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई। शोभायात्रा का यादव पक्ष ने विरोध किया। दूसरे पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर, बुग्गी, थ्रेशर खड़े किए। मार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण किया

# पहली बार देहरादून में 12 किमी लंबा रोड शो उमड़ी भारी भीड़ और लगे मोदी-मोदी के नारे

कार्यक्रम के पहले ही देवी माता का आशीर्वाद लिया




गढ़ी कैंट स्थित मैदान से जनसभा को संबोधित किया

ब्रहमकमल टोपी, गढ़वाली कुमाऊंनी बोली ने दिल जीता

एजेंसी ▶▶ देहरादून

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण किया। सबसे पहले सिद्धपीठ मां काली का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पीएम मोदी का रोड शो हुआ। पहली बार राजधानी दून में 12 किमी का रोड शो किया। इसके बाद गढ़ी कैंट स्थित मैदान से जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा रही। प्रधानमंत्री बनने के बाद 5 बार केदारनाथ आ चुके हैं, साथ ही बदरीनाथ व मुखबा का भी दौरा कर चुके हैं। पिछले मार्च में उत्तरकाशी जिले में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा में प्रधानमंत्री ने शीतकालीन यात्रा का संदेश दिया था। एलिवेटेड रोड पर भी पीएम मोदी ने कार से उतरकर निरीक्षण किया। सिर पर ब्रहमकमल टोपी, भाषण में गढ़वाली-कुमाऊंनी, पीएम मोदी ने जनता का दिल जीत लिया। जनसभा स्थल में लोगों की भारी भीड़ रही।

पीएम मोदी ने पहली बार राजधानी दून में 12 किमी का रोड शो किया। देहरादून मोदीमय हो गई। शहर की सड़कों पर जगह-जगह स्कूली बच्चे, जनता और कार्यकर्ता स्वागत को खड़े नजर आए। इस दौरान कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

### राजधानी देहरादून मोदीमय हो गई




प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन किया

### वन्यजीव गलियारे का निरीक्षण

प्रधानमंत्री ने दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के एलिवेटेड हिस्से पर बनाए गए वन्यजीव गलियारे का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री जल्द ही देहरादून में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन किया।



### डाट काली मंदिर में दर्शन किया

प्रधानमंत्री देहरादून के पास स्थित जय मां डाट काली मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा अर्चना की। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ भी थे। यहां निरीक्षण के बाद मंदिर परिसर में मौजूद छात्राओं द्वारा दी जा रही प्रस्तुति को कुछ देर के लिए सराहा। इसके बाद वह देहरादून के लिए रवाना हो गए।

### पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें

- पीएम मोदी ने संबोधन की शुरुआत गढ़वाली और कुमाऊंनी में भाषण के साथ की। उन्होंने कहा कि दून पर मां डाट काली की कृपा और आशीर्वाद है।
- बाबा केदार के दर्शन के बाद मेरे मुंह से अचानक ही निकला था कि आने वाला दशक उत्तराखंड का दशक होगा। युवाओं की ऊर्जा से ये प्रदेश विकास के नया आयाम छू रहा है।
- बाबा साहब को नमन कर कहा कि देश का संविधान गरीबों वंचितों, शोषितों को न्याय पूर्ण व्यवस्था के लिए है। बाबा साहब औद्योगिकरण की वकालत करते थे।
- मैं इस विज्ञान को तो नहीं जानता, पर यदि इसी संदर्भ में कहूं और इसे वास्तविक जीवन से जोड़कर देखूं, तो राष्ट्र का भाग्य हमारी सड़कें होती हैं। सड़क रेल नेटवर्क होता है। ये विकास की भाग्य रेखाएं मोदी की भी गारंटी है।
- इस एक्सप्रेसवे से उत्तराखंड के पर्यटन को खास फायदा मिलेगा। देहरादून हरिद्वार ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम के लिए यह सबसे प्रमुख होगा।
- उत्तराखंड के बारामासी पर्यटन की जरूरत है। यहां ग्रीष्मकालीन ही नहीं शीतकालीन यात्रा भी पर्यटन एक नया आयाम देगा।
- यहां प्रगति, प्रकृति और संस्कृति की त्रिवेणी के आधार पर विकास किया जा रहा है। इसलिए ही इस एक्सप्रेसवे पर वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बनाया गया।
- पीएम ने कहा कि हम तीर्थस्थलों को स्वच्छ और सुंदर रखें। कूड़ा न फैलाएं।
- अगले साल कुंभ के दिव्य और भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़नी है।
- नंदा देवी राजजात होगी। यह हमारी आस्था का केंद्र है। मां नंदा को प्रणाम करता हूं। विकासित भारत के निर्माण में देश की माता बहनों की बड़ी भूमिका है।
- अब एक और पड़ाव है। 4 दशक के इंतजार के बाद संसद ने नारी शक्ति वंदन बिल पास किया था। महिलाओं को 33% आरक्षण में देरी न हो
- , शहीद जसवंत सिंह रावत के शौर्य को देश कभी भुला नहीं सकता। वन रैंक वन पेंशन से हमने करीब सवा लाख करोड़ खर्च किए।

## फुले की 200वीं जयंती पर 126 सदस्यीय पैनल का गठन, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे अध्यक्षता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार को समाज सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के समन्वय के लिए 126 सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति के गठन की अधिसूचना जारी की है। इस समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।उच्चस्तरीय समिति ज्योति बा फुले की 200वीं जयंती से जुड़े कार्यक्रमों की योजना, नीतियों का अनुमोदन, विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन तथा आयोजन की समग्र निगरानी करेगी। समिति के सुझावों को भारत सरकार द्वारा लागू करने के लिए विचार किया जाएगा, जो प्रचलित नियमों, निर्देशों और प्रक्रियाओं के अधीन होंगे।

### समिति में प्रमुख हस्तियां शामिल

इस उच्चस्तरीय पैनल में देश की कई प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया है। इनमें पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल और रामनाथ कोविंद, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा, पूर्व मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और के जी बालाकृष्णन शामिल हैं। इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत भी इस समिति के प्रमुख सदस्यों में शामिल हैं। समिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को शामिल नहीं किया गया है।

### संस्कृति मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

उच्चस्तरीय समिति की घोषणा संस्कृति मंत्रालय द्वारा अधिसूचित की गई है। अधिसूचना के अनुसार, "श्रीमान ज्योतिराव गोविंदराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2028 तक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सक्षम प्राधिकरण ने एक उच्चस्तरीय समिति के गठन को मंजूरी दी है।"

### समिति का कार्यक्षेत्र

समिति का मुख्य उद्देश्य 200वीं जयंती के आयोजन से संबंधित नीतियों और योजनाओं को मंजूरी देना, कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना तथा आयोजन की निगरानी करना है। इसके साथ ही यह समिति तैयारियों से जुड़े सभी पहलुओं का मार्गदर्शन भी करेगी।

### आज विपक्षी दलों की बैठक में तय होगी फ्लोर रणनीति, विपक्ष ने इन विधेयकों पर जताई आपत्तियां और चिंताएं

# महिला आरक्षण के तरकश में हुए जाति गणना व परिसीमन के तीर तो विपक्ष के निशाने पर रहेंगे 'सत्ता-धीर'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधनों को 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक बताया गया है। इसके उलट विपक्षी दलों के गठबंधन ने इन विधेयकों को लेकर गंभीर आपत्तियां और चिंताएं जताई हैं।

संकेत मिल रहे हैं कि प्रस्तावित तीनों विधेयकों का लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विरोध किया जा सकता है। रणनीति आज की विपक्षी बैठक में तय की जाएगी। विपक्ष का मुख्य आरोप है कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है और यह सब बिना राष्ट्रीय जनगणना कराए किया जा रहा है। उनका कहना है कि यह कदम लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी सरकार के इस 'जल्दबाजी भरे रवैये' पर अपनी नाराजगी स्पष्ट रूप से व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना विपक्ष से कोई सार्थक चर्चा किए विधेयकों को आगे बढ़ा रही है, जो संसदीय परंपराओं के खिलाफ है। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण को 'भटकाने वाला मुद्दा' बनाकर लोकसभा में जनसंख्या आधारित परिसीमन को आगे बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने एक वैकल्पिक मॉडल का सुझाव देते हुए कहा कि 136 सीटें जीएसडीपी के आधार पर और शेष सीटें आनुपातिक आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए। हालांकि अभी तक विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं की ओर से कोई औपचारिक और स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है, लेकिन विपक्षी गठबंधन के कई नेताओं का मानना है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकती है। बुधवार को प्रस्तावित बैठक में विपक्षी दलों के अध्यक्ष और शीर्ष नेता शामिल होंगे, जहां इन विधेयकों पर संयुक्त रणनीति तय की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी गठबंधन के सांसद अपने-अपने दलों के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं। संसद में विधेयकों के पेश होने के बाद वे उसी के अनुसार अपनी रणनीति अपनाएंगे। कुछ सांसदों का मानना है कि विपक्ष इन विधेयकों का समर्थन नहीं करेगा। इसके पीछे प्रमुख कारणों में महिला आरक्षण में उप-वर्गीकरण, जनगणना के बिना परिसीमन, और जातीय गणना को ठंडे बस्ते में डालना शामिल है।

कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि सोनिया गांधी के हालिया लेख के स्वर से यह संकेत मिलता है कि पार्टी इन विधेयकों का समर्थन नहीं कर सकती। हालांकि अंतिम निर्णय बैठक में पार्टी नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।एक अन्य कांग्रेस सांसद ने कहा कि पार्टी के सामने यह एक कठिन निर्णय है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के हित, संसद का आकार 800 से अधिक सदस्यों तक बढ़ने की संभावना और बंगाल चुनाव जैसे कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने विधेयकों की प्रतियां सांसदों को अध्ययन के लिए उपलब्ध नहीं कराई हैं, जो पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है। वहीं सपा सांसद इकरा चौधरी ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी की प्रमुख मांग महिला आरक्षण में उप-वर्गीकरण की है, ताकि ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण का लाभ मिल सके। टीएमसी के सूत्रों ने बताया कि पार्टी चाहती है कि कांग्रेस सभी दलों को विश्वास में लेकर इस मुद्दे पर विपक्ष का नेतृत्व करे। राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने कहा कि उनकी पार्टी महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए आरक्षण की आवश्यकता नहीं मानती। हम पहले से ही सभी चुनावों चाहे वो राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव हों या संसद में पहुंचने के लिए लोकसभा चुनाव महिलाओं को 33 फीसदी से अधिक टिकट और सीटें दे रहे हैं।" द्रमुक ने अपने सांसदों के लिए तीन लाइन व्हिप जारी कर दिया है, लेकिन दिल्ली में मौजूद पार्टी संसदीय दल के एक नेता ने कहा, अंतिम रणनीति पर निर्णय आज, 15 अप्रैल की बैठक के बाद ही लिया जाएगा। कुल मिलाकर, महिला आरक्षण, परिसीमन और जातीय जनगणना जैसे अहम मुद्दों पर सियासी हलचल तेज हो गई है। अब सबकी नजर आज की विपक्षी दलों की बैठक पर टिकी है, जहां यह तय होगा कि संसद में इन विधेयकों को लेकर विपक्ष का रुख क्या रहेगा?

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 7 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



हेनरिक क्लासेन
**224 रन**
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
**10 विकेट**
गुजरात

# सूर्यकुमार ने 2714 गेंदों में ठोक डाले 4,000 रन, दूसरे नंबर पर गिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 19वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (56) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 28वां अर्धशतक रहा। इस पारी का 25वां रन बनाते ही उन्होंने आईपीएल में भी 4,000 रन पूरे कर लिए। वह गेंदों के लिहाज से यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं।

## आईपीएल में दमखम दिखाने वाले भारतीय बल्लेबाज



### सूर्यकुमार यादव : 2,714 गेंद

आईपीएल इतिहास में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 4,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं। उन्होंने 2,714 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में अब तक 170 मैच खेले हैं, जिसकी 155 पारियों में 34.77 की औसत और 148.77 की स्ट्राइक रेट से 4,417 रन बनाने में सफल रहे हैं। इसमें 2 शतक और 30 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 103* रन का है।



### शुभमन गिल : 2,875 गेंद

सूची में जीटी के कप्तान गिल अब दूसरे पायदान पर आ गए हैं। उन्होंने 2,875 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ है। उन्होंने 2018 में आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद से अब तक 121 मैच खेले हैं, जिसकी 118 पारियों में लगभग 40 की औसत और 139.05 की स्ट्राइक रेट से 4,031 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 4 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 129 रन का रहा है।

### सुरेश रैना : 2886 गेंद



सूची में चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना तीसरे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,886 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 205 मैच खेले थे, जिसकी 200 पारियों में 32.51 की औसत और 136.73 की स्ट्राइक रेट से 5,528 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 1 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100* रन का रहा है।

### महेंद्र सिंह धोनी : 2887 गेंद



इस सूची में सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चौथे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,887 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 278 मैच खेले थे, जिसकी 242 पारियों में 38.30 की औसत और 137.40 की स्ट्राइक रेट से 5,439 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84* रन का रहा है।

## सैमसन ने 48 रन बनाए, अहमद 3 विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

# नूर के आगे बुझी नाइट राइडर्स की चमक, चेन्नई ने 32 रन से हराया



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

स्पिनर नूर अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हरा दिया जो पांच मैचों में उसकी चौथी हार है। संजू सैमसन (32 गेंद में 48 रन) और आयुष म्हात्रे (17 गेंद में 38 रन) ने पावरप्ले में चेन्नई को दो विकेट पर 72 रन तक पहुंचा दिया था जिसकी मदद से टीम ने पांच विकेट पर 192 रन बनाये। वहीं केकेआर जवाब में 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सके। अफगानिस्तान के स्पिनर नूर ने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे (22 गेंद में 28), रिंकू सिंह (छह) और कैमरन ग्रीन (0) को आउट किया। केकेआर का स्कोर एक समय दो विकेट पर 79 रन था जो छह विकेट पर 90 रन हो गया। बायें हाथ के स्पिनर अकील ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। रहाणे और अरघुवंशी (19 गेंद में 27) ने तीसरे विकेट के लिये पांच ओवर में 50 रन की साझेदारी की। दसवें ओवर में रघुवंशी के आउट होने के बाद केकेआर की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। शाहरूख खान की टीम ने पहले पांच मैचों में यह चौथी हार है। वहीं चेन्नई लगातार दो मैच जीतकर अपने अभियान को ढर्रे पर लाती दिख रही है। केकेआर के लिये रोवमैन पॉवेल 22 गेंद में 31 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि रमनदीप सिंह ने 23 गेंद में 35 रन बनाये लेकिन तब तक मैच उनकी टीम की जद से बाहर निकल चुका था।

### चेन्नई-192/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन बो त्यागी | 48 |
| रूतुराज का पॉवेल बो रॉय | 7 |
| आयुष का रमनदीप बो अरोड़ा | 38 |
| डेवाल्ड का अरोड़ा बो त्यागी | 41 |
| सरफराज खान बो नारायण | 23 |
| शिवम दुबे नाबाद | 13 |
| जैमी ओवर्टन नाबाद | 12 |

अतिरिक्त : 15 रन
योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन
विकेट पतन : 1-25, 2-72, 3-111, 4-162, 5-171
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-55-1, ग्रीन 2-0--30-0, रॉय 3-0-21-1, नारायण 4-0-21-1, चक्रवर्ती 3-0-26-0, त्यागी 4-0-35-2

### कोलकाता-160/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिन एलेन का दुबे बो कम्बोज | 1 |
| सुनील का गुरजपनीत बो अहमद | 24 |
| रहाणे का गायकवाड़ बो अहमद | 28 |
| रघुवंशी का ब्रेविस बो हुसैन | 27 |
| रिंकू सिंह का दुबे बो अहमद | 6 |
| कैमरन ग्रीन बो अहमद | 0 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 31 |
| रमनदीप का खान बो कम्बोज | 35 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : सात रन
योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन
विकेट पतन : 1-13, 2-29 , 3-79 , 4-85 , 5-85, 6-90 , 7-153
गेंदबाजी : खलील 3.5-0-24-1, कम्बोज 4-0-32-2, हुसैन 4-0-26-1, अहमद 4-0-21-3, गुरजपनीत 1.1-0-23-0, ओवरटन 3-0-32-0

### रॉयल की आज जायंट्स से होगी पहली भिड़ंत

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से 15 अप्रैल को चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। आरसीबी ने इस सीजन में अब तक 3 मैच जीते हैं और 1 में शिकस्त झेली है, जबकि एलएसजी ने 2 मुकाबले जीते हैं और 2 में ही हार का सामना किया है। इस मैच में जहां विराट कोहली सहित टीम के अन्य बल्लेबाजों को अपना दमखम दिखाना होगा वहीं ऋषभ पंत की टीम भी पहले मैच में आरसीबी को परास्त करने पूरे जोश के साथ उतरेगी। एलएसजी के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 6 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 4 मैच में आरसीबी को जीत मिली है और 2 मैच एलएसजी ने अपने नाम किए हैं। इस संस्करण दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल 2025 में दोनों टीम सिर्फ 1 मैच में भिड़ी थी। उस मैच को आरसीबी ने 6 विकेट से जीता था।

**आईसीसी**

# प्लेयर ऑफ द मंथ, सैमसन और अमेलिया केर ने जीता पुरस्कार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय क्रिकेट टीम के संजू सैमसन को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है। सैमसन ने टी-20 विश्व कप 2026 की खिताबी जीत वाले अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। सैमसन ने अपने साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर प्लेयर ऑफ द मंथ बनी हैं।



### विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे थे सैमसन

*टी-20 विश्व कप 2026 में सैमसन को शुरुआती मुकाबलों में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था। हालांकि, जब उन्हें चुना गया तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीता था। इस खिलाड़ी ने 5 मैच की 5 पारियों में 80.25 की उम्दा औसत और 199.37 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए थे। मार्च 2026 में उन्होंने 3 पारियों में 137.50 की औसत और 199.27 की शानदार स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए थे।*

## खबर संक्षेप

### ईरानी टीम एशियाई चैंपियंस लीग में खेलने जेद्दा पहुंची

**जेद्दा।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच ईरान के क्लब ट्रैक्टर की टीम सऊदी अरब पहुंच गई है और उसने पुष्टि की है कि वह एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के राउंड ऑफ 16 में खेलेगी। अमेरिका और इज़राइल के ईरान पर हमले के बाद मार्च में पश्चिम एशिया के प्लेऑफ मैच स्थगित कर दिए गए थे। इसके बाद अंतिम 16 के मैचों का कार्यक्रम फिर से तैयार किया गया। ट्रैक्टर की टीम एक लंबी यात्रा के बाद रविवार को जेद्दा पहुंची। वह उत्तर पश्चिमी ईरान में स्थित अपने गृहनगर तबरीज़ से सड़क मार्ग से तुर्की पहुंची और फिर इस्तांबुल से हवाई मार्ग से यहां पहुंची। युद्ध के कारण ईरान की लीग स्थगित कर दी गई थी और ट्रैक्टर की टीम ने 28 फरवरी के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

### पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध होने के बावजूद उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने का विकल्प चुना था। मुजरबानी ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ अनुबंध किया था लेकिन आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने की पेशकश की जिसके बाद उन्होंने पीएसएल से हटने का फैसला किया। पिछले टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुजरबानी ने अब तक केकेआर के लिए दो मैच खेले हैं और ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लिए थे।

### मैकुलम से मतभेद की खबरों को स्टोक्स ने किया खारिज

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज श्रृंखला के दौरान कोच ब्रेंडन मैकुलम से मतभेद की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि यह कहना बेहद अतिशयोक्तिपूर्ण है। स्टोक्स और मैकुलम 2022 से एक-दूसरे का अच्छा साथ निभा रहे हैं, लेकिन पिछली सर्दियों में



ऑस्ट्रेलिया से 4-1 से हारने पर उन्हें गहरा झटका लगा। हार के बाद दोनों ने एक-दूसरे का समर्थन किया, लेकिन एशेज की समीक्षा से तनाव के संकेत मिले। स्टोक्स संभलकर खेलना चाहते थे जबकि मैकुलम आक्रामक रवैया बरकरार रखना चाहते थे। स्टोक्स ने एक साक्षात्कार में कहा, ''यह कहना कि हम एकमत नहीं थे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी अतिशयोक्ति है। जब आप किसी और के साथ नेतृत्व की स्थिति में होते हैं और तब अगर कोई यह सोचता है कि आप हमेशा हर बात पर सहमत होंगे तो यह बिल्कुल असंभव है।'' उन्होंने कहा, ''भले ही मेरे और ब्रेंडन के विचार मिलते हैं लेकिन कुछ मामलों में हम अलग भी हैं।

**मुंबई की बड़ी टैंशन**

# रोहित की हैमस्ट्रिंग की चोट का होगा स्कैन



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन करवाएंगे। अब वीरवार को होने वाले अगले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता स्कैन के नतीजों पर निर्भर करेगी। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार 38 वर्षीय रोहित रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान छठे ओवर में चोटिल होने के बाद रिटायर होकर मैदान से बाहर चले गए। रोहित की चोट की सही स्थिति स्कैन के नतीजों से ही साफ हो पाएगी, जिनसे चोट की गंभीरता का पता चलेगा। इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, सिवाय इसके रोहित को हैमस्ट्रिंग की समस्या है।

### आरसीबी से मैच में मैदान छोड़कर चले गए थे

मैदान छोड़ने से पहले उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और एक छक्का शामिल था। चोटिल होकर रिटायर होने से पहले, उस ओवर की पहली गेंद से पहले मुंबई इंडियंस के फिजियो ने रोहित का इलाज किया था। इलाज के लिए खेल काफी देर तक रुका रहा, जिसके बाद वे दूसरी गेंद का सामना करने के लिए लौटे, लेकिन उन्होंने बस उस गेंद को ब्लॉक किया और चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए।

### चोटिल कार्स की जगह मदुशंका सनराइजर्स टीम में

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल किया गया है। कार्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ पहले मैच से पूर्व नेट्स पर अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगी थी। आईपीएल के एक बयान के अनुसार वह 75 लाख रूपये में सनराइजर्स से जुड़ेंगे। इससे पहले वह मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रह चुके हैं।



## एशियाई लॉन बाउल्स में भारत को स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

# सिंदरोव ने एक राउंड पहले ही जीता खिताब, अब गुकेश से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उज़्बेक के ग्रैंडमास्टर 20 वर्षीय जावोखिर सिंदारोव ने 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक राउंड पहले ही खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। इस जीत के साथ ही सिंदरोव ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। 13वें राउंड के बाद 9.5 अंकों के साथ शीर्ष पर रहते हुए सिंदारोव ने न केवल टूर्नामेंट जीता, बल्कि साल के अंत में होने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश को चुनौती देने का अधिकार भी हासिल कर लिया। सिंदरोव की यह जीत कई मायनों में खास है। वह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र (20 वर्ष) में विजेता बनने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। साथ ही, उन्होंने एक राउंड पहले ही ऐसी अजेय बढ़त बना ली, जिसे कोई अन्य खिलाड़ी पार नहीं कर सका। पूरे टूर्नामेंट में सिंदरोव का दबदबा देखने को मिला और उन्होंने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया। 13 राउंड के बाद वह दूसरे स्थान पर रहे नीदरलैंड्स के अनीश गिरी से पूरे 2 अंक आगे रहे, जो उनकी श्रेष्ठता को दर्शाता है। टूर्नामेंट के दौरान सिंदारोव की सबसे अहम जीत 10वें राउंड में आई, जब उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा को हराकर अपनी स्थिति को और मजबूत किया। अब साल के अंत में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सिंदारोव और गुकेश के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहने की उम्मीद है। इसे नई पीढ़ी के दो दिग्गजों की टक्कर माना जा रहा है, क्योंकि गुकेश ने 2024 में चीनी खिलाड़ी को हराकर विश्व खिताब अपने नाम किया था।

**फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट**



## टी-20 टीम में आयरलैंड दौरे पर मिल सकता है मौका

# भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं वैभव सूर्यवंशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शानदार प्रदर्शन कर रहे राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जून में आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है। महज 15 साल की उम्र में वह भारत के सबसे युवा डेब्यू करने वाले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं। चयनकर्ता उन्हें इस छोटे दौरे पर मौका देने पर विचार कर रहे हैं, ताकि आगे बड़े दौरे से पहले उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिल सके।



### शानदार बल्लेबाजी से खींचा चयनकर्ताओं का ध्यान

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यवंशी आयरलैंड दौरे के लिए चयन की दौड़ में हैं और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनका नाम शॉर्टलिस्ट किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जल्द आजमाने के पक्ष में हैं और उन्हें सीमित ओवरों की सीरीज में मौका दिया जा सकता है।आयरलैंड दौरे के बाद जिम्बाब्वे दौरे में भी उन्हें शामिल किया जा सकता है। फिलहाल भारत के लिए सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 16 साल 205 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

### भारत-द. अफ्रीका महिला टी20 सीरीज 17 से

**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टेबोगो मचेके को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया, जबकि ऑलराउंडर एलिज-मारी मार्क्स को 15 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया गया है। दोनों देश 17-27 अप्रैल के बीच पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज के शुरुआती दो मैच 17 और 19 अप्रैल को डरबन में खेले जाने हैं। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग अगले दो मुकाबलों की मेजबानी करेगा। सीरीज का अंतिम मैच बेनोनी में 27 अप्रैल को आयोजित होगा।

## होर्मुज में नाकेबंदी को चीन ने कहा गैर-जिम्मेदाराना कदम

# चीन ने पेश किए 4 शांति प्रस्ताव, शी जिनपिंग बोले- अमेरिका का जंगलराज नहीं चलने देंगे

» राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम
» की ईरान ने कड़ी आलोचना की

चीन ने ईरान को हथियार देने के आरोप खारिज किए

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर साफ कहा- खतरनाक खेल खेल रहा हैं

अमेरिकी नाकेबंदी से बढ़ेगा तनाव- चीनी विदेश मंत्रालय




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच चीन ने एक बड़ा कूटनीतिक दांव चला है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आधिकारिक तौर पर चार-सूत्रीय शांति प्रस्ताव का खुलासा कर दिया है। वे इसे क्षेत्र में स्थिरता लाने का एकमात्र रास्ता बता रहे हैं। यह घोषणा तब हुई जब बीजिंग में संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अन्य वैश्विक नेता अहम चर्चा के लिए जुटे थे। इसके साथ जिनपिंग ने अमेरिका को जमकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि इस तरह अमेरिका का जंगलराज नहीं चलने देंगे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका को खरी-खरी सुनाते हुए कहा, जंगलराज नहीं चलने देंगे। दुनिया को जंगल के कानून की तरफ वापस जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका ने इससे पहले स्पेन को दुत्कार दिया था, लेकिन अब चीन ने इस मामले पर स्पेन का साथ दिया है।

जिनपिंग ने कहा, चीन और स्पेन दोनों ही सिद्धांतवादी और तर्कसंगत देश है। हम इतिहास के सही पक्ष में खड़े होने के लिए तैयार हैं। हमें जंगल के कानून का विरोध करना चाहिए और मिलकर सच्चे बहुपक्षवाद को कायम रखते हुए विश्व शांति और विकास की रक्षा करनी चाहिए।

बता दें कि पाकिस्तान में ईरान के साथ शनिवार को हुई शांति वार्ता के विफल होने से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाराजगी जताते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरान के बंदरगाहों पर नाकेबंदी की कार्रवाई को लागू कर दिया। ट्रंप के इस कदम की ईरान ने कड़ी आलोचना की। वहीं, अब चीन ने भी अमेरिका की इस कार्रवाई की अब तक की सबसे बड़ी आचोलना की है। चीन ने इस अमेरिकी कार्रवाई को खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है।

### ईरान को हथियार देने से आरोपों को चीन ने किया खारिज

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का यह बयान अमेरिका की ओर से ईरान की मदद करने के आरोप और बीजिंग पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देने के बाद सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने इस बात से साफ इनकार कर दिया कि वह ईरान को एयर डिफेंस से जुड़े हथियार मुहैया करा रहा है और कहा कि अगर ट्रंप इस आरोप को बहाना बनाकर चीनी सामानों पर अतिरिक्त 50% टैरिफ लगाते हैं, तो इसके बाद चीन भी जवाबी कार्रवाई करेगा। मामले की जानकारी रखने वाले एक शख्स ने अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नए एयर डिफेंस हथियार देने की योजना बना रहा है या फिर पहले ही भेज चुका है। इसी वजह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर अतिरिक्त 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। बीजिंग ने ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी को खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बयान जारी कर कहा, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में टारगेटेड अमेरिकी नाकेबंदी से तनाव और बढ़ेगा। साथ ही पहले से ही नाजुक दौर से गुजर रहे सीजफायर समझौते को और नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन के इस कदम से स्ट्रेट से आवाजाही की सुरक्षा और भी खतरे में पड़ जाएगी।

#### 270 अरब डॉलर का नुकसान

ईरान-अमेरिका तनाव के बीच ईरानी सरकारी प्रवक्ता फातिमेह मोहजेरानी ने बताया कि अमेरिका-इजराइल हमलों से ईरान को हुए नुकसान का प्रारंभिक अनुमान लगभग 270 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, 'यह आंकड़ा अभी अंतिम नहीं है। युद्ध क्षतिपूर्ति हमारे वार्ता एजेंडे का महत्वपूर्ण मुद्दा है।

#### यूएन ने बातचीत जारी रखने की अपील की

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी रखने की अपील की है। यह जानकारी उनके प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता स्टेफान दुजारिक ने बताया कि पाकिस्तान में आयोजित इस्लामाबाद वार्ता में संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता नहीं हो सका, लेकिन बातचीत से यह साफ हुआ कि दोनों पक्ष गंभीरता से संवाद कर रहे हैं। इसे आगे की बातचीत के लिए एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण कदम माना गया।

**चीन ने कहा**

#### किसी एक देश की बपौती नहीं है

*चीन का कहना है कि सुरक्षा किसी एक देश की बपौती नहीं होनी चाहिए। जिनपिंग ने कोल्ड वॉर मेंटेलिटी यानी शीत युद्ध वाली मानसिकता को छोड़कर एक ऐसे सुरक्षा ढांचे की वकालत की है जो टिकाऊ हो और जिसमें सभी देशों की भागीदारी हो। चीन का मानना है कि जीरो-सम गेम यानी एक का फायदा, दूसरे का नुकसान से ऊपर उठकर ही खाड़ी देशों में शांति आ सकती है।*

#### मन किया तो कानून मान लिया

*शी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और कर्मियों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। मनमर्जी नहीं, कानून का राजः जिनपिंग ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को लेकर पश्चिमी देशों के दोहरे मापदंडों पर तीखा प्रहार किया है। प्रस्ताव के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कानून तभी प्रभावी हैं जब उन्हें समान रूप से लागू किया जाए। उन्होंने जब मन किया कानून माना, जब नहीं किया तो छोड़ दिया वाली नीति की आलोचना करते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था पर जोर दिया।*

#### विकास ही सुरक्षा की चाबी

*चीन का मानना है कि केवल बंदूकों के दम पर शांति नहीं आ सकती। उनके चौथे बिंदू के अनुसार, सुरक्षा और आर्थिक विकास को साथ-साथ चलना होगा। चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के जरिए इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर एक ऐसा आर्थिक जाल बुनना चाहता है, जहां युद्ध की गुंजाइश खत्म हो जाए और व्यापारिक रिश्ते मजबूरी बन जाएं।*







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109